आवश्यकता है दैनिक उजाला हितैषी एक्सप्रेस हिंदी समाचार पत्र में उत्तरप्रदेश के सभी जनपदों से पत्रकारों की संपर्क करें 9953840820

हापुड़ उत्तरप्रदेश से प्रकाशित, दिल्ली,गाजियाबाद,नोएडा,शामली,अमरोहा,मेरठ,लखनऊ से प्रसारित

दैनिक

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

सबका हित सबका विकास

वर्ष : 5 | अंक : 187 | हापुड़, गुरुवार 23 जनवरी 2025 | RNI.NO. UPHIN/2020/86789 | मूल्य:03 | पेज़: 06

महाकुंभ 2025- सीएम योगी ने अपने मंत्रियों के साथ पवित्र संगम में लगाई आस्था की डुबकी

महाकुंभ नगर । उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक और अन्य कैबिनेट मंत्रियों के साथ त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाई। इसकी जानकारी सीएम योगी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर तस्वीर शेयर करते हुए दी। सीएम योगी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर फोटो शेयर करते हुए लिखा, तत्राभिषेकं यः कुर्यात् संगमे शंसितव्रतः। तुल्यं फलमवाप्नोति राजसूयाश्वमेधयोः॥ एकता, समता और समरसता के महासमागम, भारतीयता और मानवता के महोत्सव, महाकुंभ -2025, प्रयागराज में आज अपने मंत्रिमंडल के सदस्यों के साथ पवित्र त्रिवेणी संगम में पावन स्नान का सौभाग्य प्राप्त हुआ। मां गंगा, मां यमुना और मां सरस्वती सभी का कल्याण करें। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने कैबिनेट मंत्रियों के साथ प्रयागराज में प्रवासी पक्षियों को दाना भी खिलाया। सभी त्रिवेणी संगम में पवित्र डुबकी लगाने के लिए एक विशेष नाव पर सवार हुए। इसके पहले कैबिनेट बैठक के बाद मुख्यमंत्री

योगी और सभी मंत्री अरैल घाट से संगम के लिए रवाना हुए। रास्ते में साइबेरियन पक्षियों और मछलियों को दाना खिलाया। इसके बाद संगम में मुख्यमंत्री योगी और सभी मंत्रियों ने स्नान किए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक और अन्य कैबिनेट मंत्रियों के साथ महाकुंभ के दौरान त्रिवेणी संगम पर पूजा-अर्चना भी की।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कैबिनेट मीटिंग के बाद बैठक में हुई चर्चा पर जानकारी देते हुए बताया कि रोजगार को लेकर नई पॉलिसी बनाने पर चर्चा हुई, इस पॉलिसी में बड़े निवेश को आमंत्रित करने के लिए इंसेंटिव की चर्चा हुई है। इसके साथ ही युवाओं को स्मार्टफोन-टैबलेट देने की बात पर मंत्रिमंडल की बैठक में चर्चा की गई है।

कैबिनेट बैठक में बागपत, हाथरस और कासगंज में नए मेडिकल कॉलेज खोलने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई है। प्रयागराज के पास चार लेन ब्रिज बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है।

गुंडागर्दी पर उतर आई है भाजपा, पुलिस भी कर रही है सपोर्ट - आतिशी

नई दिल्ली । दिल्ली विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी (आप) ने एक बार फिर भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा है कि अब भाजपा जब देख रही है कि वह पूरी तरह से दिल्ली में हार रही है तो वह गुंडागर्दी और गाली-गलौज पर उतर आई है और आप कार्यकर्ताओं के साथ अभद्रता और मारपीट की जा रही है। इस मुद्दे को लेकर आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने एक प्रेस वार्ता कर सभी घटनाओं को साझा किया है। आतिशी ने कहा कि जब से रमेश बिधूड़ी भारतीय जनता पार्टी से कालकाजी विधानसभा में चुनाव लड़ रहे हैं, लगातार गुंडागर्दी और दहशत का माहौल भारतीय जनता पार्टी द्वारा कालकाजी विधानसभा क्षेत्र में बनाया जा रहा है। विधानसभा के हर इलाके में भाजपा के कार्यकर्ता और कई लोग जो कहते हैं कि हम रमेश बिधूड़ी के भतीजे हैं, वो आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं को डरा रहे हैं, धमका रहे हैं। उनका कॉलर पकड़ रहे हैं। उनका पार्टी प्रचार का सामान छीनकर उसे जला रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले एक हफ्ते में हुई ऐसी गुंडागर्दी की घटनाएं आप सभी के साथ साझा करना चाहूंगी। उन्होंने बताया कि 15 फरवरी को गिरी नगर इलाके में आम आदमी पार्टी के वार्ड अध्यक्ष अरुण चौहान और हमारी महिला विंग की टीम के साथ डोर टू डोर कैंपेन कर रहे थे। वहां पर भारतीय जनता पार्टी के राजीव भाटी, जो कहते हैं कि वह बिधूड़ी के भतीजे हैं और भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी हैं, उन्होंने भाजपा का पटका भी पहना हुआ था। वह हमारे कार्यकर्ताओं के पास आए, गाली-गलौज किया, उनके हाथों से स्टीकर छीनकर उसे जलाया। उन्होंने आगे कहा, इसी तरह 19 जनवरी को गोविंदपुरी गली नंबर 3 में दीप सिंह नाम की आम आदमी पार्टी की एक कार्यकर्ता हैं। उनको रात को 11:40 पर रमेश बिधूड़ी का व्हाट्सएप पर कॉल आया। रमेश बिधूड़ी ने दीप जी को कहा कि तुम पहले भारतीय जनता पार्टी में होती थी कई साल पहले, तो वापस आ जाओ। जब उन्होंने मना किया और कहा कि हम तो आम आदमी पार्टी में हैं और आतिशी के साथ हैं, तब बिधूड़ी ने कहा कि वह आतंकवादियों की पार्टी है। 8 तारीख के बाद आतिशी जेल जाएगी और अगर तुम बाहर निकली तो तुम्हें भी अंदर करवाऊंगा। आतिशी ने कहा कि 19 तारीख को गोविंदपुरी गली नंबर 5 में हमारे एक कार्यकर्ता का रिश्तेदार अंकित गुप्ता दिल्ली के बाहर से आया हुआ था। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने उसका पटका छीना, उसे थप्पड़ मारा और जो पत्र उसके हाथ में थे, उन्हें जला दिया। इसी तरह 20 जनवरी को नवजीवन कैंप के एस ब्लॉक में दो दिन पहले भारतीय जनता पार्टी की टीम ने कई बच्चों को स्टीकर चिपकाने के लिए पोस्टर चिपकाने के लिए लगाया हुआ था। जब हमारी एक कार्यकर्ता विजेता कुमारी ने इस पर आपत्ति जताई, तो वहीं पर खड़े होकर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने आम आदमी पार्टी की महिला कार्यकर्ता से गाली-गलौज की। गोविंदपुरी में और इसकी कल मैंने चुनाव आयोग से शिकायत भी की है। आतिशी ने कहा कि 21 तारीख को गिरी नगर में मानव कल्याण कैंप के सामने फिर से राजीव ने हमारे कार्यकर्ता रोशन चौहान को रोका और कहा कि भारतीय जनता पार्टी में आ जाओ। फिर उन्होंने कहा कि रमेश बिधूड़ी आपसे फोन पर बात करना चाहते हैं। राजीव ने अपने फोन से रमेश बिधूड़ी को फोन लगाया और रोशन चौहान से बात करवाई। रमेश बिधूड़ी ने उन्हें बोला कि बहुत प्रचार कर रहे हो, बहुत फुर्ती आ गई है तुम्हारे अंदर। भारतीय जनता पार्टी में तुम पहले थे, वापस आ जाओ। जब उन्होंने मना कर दिया, तो रमेश बिधूड़ी ने उन्हें कहा कि तुम्हारी बेटी का ग्रेटर कैलाश में घूमते हुए कई वीडियो है, वायरल कर दूंगा। इस मौके पर अरविंद केजरीवाल ने कहा कि यह बेहद चिंताजनक है। जिस तरह से गुंडागर्दी और हिंसा भारतीय जनता पार्टी फैला रही है। यह जो आतिशी ने कहा, यह वारदातें केवल उनकी विधानसभा तक सीमित नहीं हैं। पूरी दिल्ली के अंदर मेरे पास न जाने कितने हमारे कैंडिडेट आ चुके हैं। मेरी अपनी विधानसभा में, राजेंद्र नगर में, इधर-उधर कई जगहों पर हमने देखा है और शिकायत आ रही है कि भारतीय जनता पार्टी पूरी तरह से गुंडागर्दी के ऊपर उतरी हुई है। कोई भी पार्टी या कोई भी कैंडिडेट हिंसा क्यों करता है? उसे हिंसा करने की जरूरत क्यों पड़ती है? वह तभी हिंसा करता है जब वह देखता है कि बाकी अन्य अहिंसात्मक तरीके से शांतिपूर्ण तरीके से काम कर रहे हैं। केजरीवाल ने कहा, भाजपा के पास कोई नेरेटिव नहीं होता। जब जनता उसके साथ नहीं होती, जो जनता उसकी बात नहीं सुन रही होती, तब वह फिर हिंसा पर उतारू हो जाते हैं। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि अब इसकी कमान अमित शाह ने संभाली है केंद्र में और पूरी दिल्ली पुलिस को कानून व्यवस्था से हटा दिया गया है। पूरी दिल्ली पुलिस को केवल भारतीय जनता पार्टी के चुनाव प्रचार में लगा दिया गया है। सब भारतीय जनता पार्टी का चुनाव प्रचार कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस के लोग भारतीय जनता पार्टी के गुंडों को, गुंडागर्दी करने में संरक्षण देते हैं। भाजपा के लोग जो भी सामान बांट रहे हैं, उनमें ये पुलिस वाले लाइन बनवाकर सामान बंटवा रहे हैं। पूरी दिल्ली की कानून व्यवस्था से दिल्ली पुलिस को हटा दिया गया। अरविंद केजरीवाल ने आरोप लगाया कि ये सुनकर आपके रोंगटे खड़े हो जाएंगे कि अब होम मिनिस्ट्री से सीधे एसएचओ लेवल के ऑफिसर को फोन आता है। बीच में कोई सीपी भी नहीं है, कोई डीसीपी नहीं है, कोई स्पेशल सीपी नहीं है, कोई एडिशनल सीपी नहीं है।

मौनी अमावस्या के अमृत स्नान पर हजारों विदेशी भक्त लगाएंगे पावन त्रिवेणी में पुण्य की डुबकी

महाकुंभ मगर । महाकुंभ नगर में 29 जनवरी को होने जा रहे मौनी अमावस्या के अमृत स्नान में पुण्य की डुबकी लगाने के लिए 10 करोड़ लोगों के पावन त्रिवेणी के तट पर पहुंचने का अनुमान है जिनमें विदेशी श्रद्धालु भी होंगे। आगामी 29 जनवरी को मौनी अमावस्या पर होने वाला अमृत स्नान प्रयागराज महाकुंभ में श्रृद्धालुओं के सैलाब को लेकर नया कीर्तिमान दर्ज करने जा रहा है। प्रशासन के दावे के मुताबिक इस स्नान पर्व में सात से 10 करोड़ श्रद्धालुओं और पर्यटकों के महाकुंभ पहुंचने का अनुमान है जिसे लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। प्रशासन के साथ साथ साधु संतों के शिविरों में भी इस पावन अवसर पर आने वाले भक्तों के लिए व्यवस्था की जा रही है। श्री पंच दशनाम जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर

स्वामी शैलेशानंद गिरी बताते हैं कि अकेले उनके शिविर में इस पुण्य पर्व पर फ्रांस, इटली, जापान और रूस से 5000 से अधिक विदेशी भक्तों के लिए व्यवस्था की जा रही है। त्रिवेणी में अमृत स्नान के लिए ये सभी लोग 24 जनवरी से आना शुरू हो जाएंगे। विश्व बंधुत्व का भाव भारतीय संस्कृति का मूल है और प्रयागराज महाकुंभ में पायलट बाबा के शिष्य महामंडलेश्वर स्वामी विष्णुदेवानंद जी के शिविर में इसकी झलक देखने को मिल रही है। यहां युद्धरत देशों यूक्रेन और रूस के नागरिक एक ही मंच पर एक साथ अपने गुरु के सानिध्य में विश्व शांति के लिए शिवनाम का जाप कर रहे हैं। रूसी के नागरिक एंड्री खुद को भगवान शिव का भक्त बताते हुए कहते हैं कि गंगा में डुबकी लगाना एक रहस्य जैसा अनुभव है। वहीं, यूक्रेन से आए ओली सिमोवा भी स्वामी विष्णुदेवानंद जी के शिविर में एंड्री के साथ मिलकर शिवनाम का जाप करते हैं। सिमोवा बताते है कि दस साल से वह भारत आ रहे हैं और गुरु के मार्गदर्शन में भगवान शिव का ध्यान करते हैं।

जो राम को लेकर आए, उनका राज होगा दिल्ली में, भाजपा ने लॉन्च किया नया कैंपेन सॉन्ग

नई दिल्ली । भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए बुधवार को एक नया सॉन्ग जारी किया, जिसमें अयोध्या में राम मंदिर का जिक्र भी किया गया है। जो राम को लेकर आए, उनका राज होगा दिल्ली में शीर्षक वाले इस गीत में दिल्लीवासियों के समक्ष आने वाले प्रमुख मुद्दों पर प्रकाश डाला गया है, जैसे प्रदूषण, गंदा पेयजल, अनुचित कचरा निपटान, सीवेज की समस्या और लैंडफिल का ओवरफ्लो होना। भाजपा ने दिल्ली में डबल इंजन सरकार के नारों पर जोर देते हुए सत्ता में आने पर बिना किसी भेदभाव के स्वास्थ्य बीमा का वादा किया है। इस गीत में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) पर कटाक्ष करते हुए मौजूदा सरकार की आलोचना करने के लिए आपदा और चोर जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया गया है। पार्टी ने विश्वास जताया कि दिल्ली के मतदाता आम आदमी पार्टी (आप) की जगह भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार बनाने के लिए तैयार हैं।

सोशल मीडिया पर इस गीत पोस्ट करते हुए भाजपा ने लिखा, जनता ने तय कर लिया है कि 2025 में चोरों को हटाकर भाजपा को लाना है। आगे लिखा है, दिल्ली में मोदी के किसी शेर का राज होगा। जो राम को लाए हैं, वही दिल्ली पर राज करेंगे! यह चुनाव प्रचार के दौरान भाजपा का पहला गीत नहीं है। इससे पहले पार्टी ने एक और चुनावी गीत जारी किया था, बहाना नहीं बदलाव चाहिए, दिल्ली में भाजपा की सरकार चाहिए, जिसे भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने गाया था। इस गीत को आधिकारिक तौर पर पिछले सप्ताह रोहिणी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की परिवर्तन रैली के दौरान लॉन्च किया गया था और 5 फरवरी को होने वाले चुनाव अभियान के तहत इसे व्यापक रूप से प्रसारित किया गया है। इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को पार्टी के मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम के तहत वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए दिल्ली भाजपा के बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को संबोधित करने वाले हैं। विधानसभा चुनाव से कुछ हफ्ते पहले यह बातचीत दोपहर 1 बजे होगी। दिल्ली के सभी 256 वार्डों के 13,033 बूथों से पार्टी सदस्य इस वर्चुअल कार्यक्रम में भाग लेंगे। दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए मतदान 5 फरवरी को होगा, जबकि मतगणना 8 फरवरी को होगी।

पीएम मोदी का आप और केजरीवाल पर तंज, जनता जवाब दे रही, ये फिर खाएंगे

नई दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम के तहत भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कई बूथ कार्यकर्ताओं से संवाद किया। इस दौरान पीएम मोदी ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की प्रचंड विजय की बात कही। उन्होंने दिल्ली की आम आदमी पार्टी (आप) सरकार और अरविंद केजरीवाल पर तंज कसते हुए कहा कि ये आप वाले आजकल नारे बुलवाते हैं कि फिर आएंगे, फिर आएंगे। लेकिन, जनता इन्हें जवाब दे रही है कि ये फिर खाएंगे, फिर खाएंगे। पीएम मोदी ने कहा कि दिल्ली वाले आप वालों की आप-दा और उनके झूठ एवं फरेब से अब ऊब चुके हैं। पहले कांग्रेस ने और फिर आप वालों की आप-दा ने दिल्ली के लोगों से बहुत विश्वासघात किया है। ये आप-दा वाले अब हर दिन एक नई घोषणा कर रहे हैं। इसका मतलब है कि उनको रोज पराजय की नई-नई खबरें मिल रही हैं। ये इतने डरे हुए हैं कि इन्हें रोज सुबह एक नई घोषणा करनी पड़ रही है। लेकिन, अब दिल्ली की जनता इनका खेल समझ गई है। उन्होंने कहा कि अब दिल्ली में जो आप वाले आपदा लाकर बैठे हैं, उन्हें अपने हिस्से का जो पैसा दिल्ली की गलियों, सीवर सिस्टम बनाने, पार्क बनाने और स्वच्छता

के लिए लगाना चाहिए था। लेकिन, इन आप-दा वालों ने अपना एक भी दायित्व दिल्ली में निभाया नहीं। झूठ के सहारे इनकी गाड़ी चल जाएगी, ये इसी भरोसे चलते रहे। पीएम मोदी ने दिल्ली चुनाव में भाजपा की बड़ी जीत के लिए कार्यकर्ताओं को टारगेट भी दिए। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में सिर्फ विजय काफी नहीं है। हर बूथ दो लक्ष्य तय कर सकता है। पहला, मतदान के सारे रिकॉर्ड तोड़ेंगे। पिछले 10 साल में जितना मतदान हुआ है, उससे ज्यादा मतदान हमारे बूथ में होगा। दूसरा, मामूली विजय नहीं। हर बूथ पर भाजपा को 50 प्रतिशत से ज्यादा वोट कैसे मिले, इसके लिए बूथ में रहने वाले सभी नागरिकों का दिल जीतना है, उनकी दुआएं लेनी है। पीएम मोदी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, मेरा बूथ, सबसे मजबूत केवल एक कार्यक्रम नहीं है। ये भाजपा की जीवंतता, भाजपा की जड़ों की ताकत और जिन जड़ों से भाजपा का विस्तार हुआ है, उसके मूल में आप सब कार्यकर्ताओं ने जिसे अपना जीवन मंत्र बनाया है, वो है मेरा बूथ, सबसे मजबूत। दिल्ली के बूथ स्तर के भाजपा कार्यकर्ताओं की क्या ताकत है, ये किसी से छुपा नहीं है। इस बार आपने दिल्ली के हजारों बूथ जीते, तब जाकर सातों सीटों पर भाजपा विजयी हुई है। मुझे पक्का विश्वास है कि दिल्ली में ये जो संगठन की ताकत है, हर बूथ पर तीन-तीन, चार-चार पीढ़ी के कार्यकर्ता हैं, यही शक्ति इस बार विधानसभा चुनाव में भी भाजपा को प्रचंड विजय दिलाएगी। मुझे विश्वास है कि अपने-अपने बूथ पर आप जो मेहनत कर रहे हैं, उसके चलते आप भारी विजय प्राप्त करने ही वाले हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा की जीत पक्की करने के लिए दिल्ली की जनता पक्के निर्णय के साथ निकल पड़ी है। साथियों, आपको 5 फरवरी को दिल्ली के लोगों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में पोलिंग बूथ तक पहुंचाना है। ठंड कितनी ही क्यों न हो, हमें सुबह से ही मतदान की तीव्रता को बढ़ाना है।

राष्ट्रपति मुर्मू, पीएम मोदी ने कर्नाटक में हुए हादसे पर जताया दुख, आर्थिक मदद का ऐलान

नई दिल्ली । कर्नाटक के उत्तर कन्नड़ जिले के यालापुरा हाईवे पर हुए भीषण सड़क हादसे पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गहरी संवेदना व्यक्त की है। इसके साथ ही केंद्र सरकार ने सड़क हादसे में जान गंवाने वाले परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) से 2 लाख और घायलों को 50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के कार्यालय ने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, कर्नाटक के उत्तर कन्नड़ जिले में एक सड़क दुर्घटना में लोगों की दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु से दुखी हूं। मैं शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करती हूं। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करती हूं। प्रधानमंत्री कार्यालय ने पीएम मोदी का हवाला देते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, कर्नाटक के उत्तर कन्नड़ जिले में हुए हादसे में लोगों की मौत से बेहद दुखी हूं। मेरी उन लोगों के प्रति संवेदना है, जिन्होंने अपने परिवार वालों को खोया है। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। स्थानीय प्रशासन प्रभावित लोगों की सहायता कर रहा है। प्रत्येक मृतक के परिजनों को पीएमएनआरएफ से 2 लाख रुपए दिए जाएंगे। वहीं, घायलों को 50 हजार रुपए की मदद दी जाएगी। पीएम मोदी के अलावा गृह मंत्री अमित शाह ने भी इस हादसे पर दुख जताया। उन्होंने एक्स पोस्ट में लिखा, उत्तर कन्नड़ के यालापुरा में हुए सड़क दुर्घटना से बहुत दुखी हूं, जिसमें बहुमूल्य जिंदगियां खत्म हो गईं। उन परिवारों के प्रति मेरी संवेदनाएं, जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने के लिए प्रार्थना करता हूं। उत्तर कन्नड़ जिले में फलों और सब्जियों से भरा एक ट्रक पलट गया। इस हादसे में 10 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई घायल हो गए। उत्तर कन्नड़ के पुलिस अधीक्षक (एसपी) एम. नारायण ने बताया कि सब्जी बेचने जा रहे लोगों का ट्रक सावनूर से कुमता बाजार जा रहा था। सुबह करीब 5.30 बजे, ट्रक चालक दूसरे वाहन को साइड देने के प्रयास में बाईं तरफ चला गया और करीब 50 मीटर गहरी खाई में जा गिरा।

न्यायपालिका को अस्त्र बना दिया गया है- धनखड़

नई दिल्ली । उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने संसदीय व्यवस्था में व्हिप की आवश्यकता पर सवाल उठाते हुए बुधवार को कहा कि विधायी सदन में अराजकता, विघटन और व्यवधान को सुनियोजित तरीके से संचालित किया जा रहा है। श्री धनखड़ ने यहां भारतीय लोकतांत्रिक नेतृत्व संस्थान के एक समूह के प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले कुछ वर्षों में न्यायपालिका तक की पहुंच को अस्त्र बना दिया गया है। यह प्रवृत्ति शासन व्यवस्था के लिए एक बड़ी चुनौती बन गया है। उपराष्ट्रपति ने कहा, हमारे देश में एक मौलिक अधिकार है, और वह है कि हम न्यायपालिका तक पहुंच सकते हैं, लेकिन पिछले कुछ दशकों में, न्यायपालिका तक की पहुंच को अस्त्र बना दिया गया है। यह शासन और लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए एक बड़ी चुनौती बन गई है। उन्होंने कहा कि दिन-प्रतिदिन ऐसे परिपत्र जारी हो रहे हैं, जिनको जारी करने अधिकार या कानूनी शक्ति नहीं संबंधित संस्थानों के पास नहीं है। उन्होंने कहा कि संविधान यह निर्धारित करता है कि संस्थाएं अपनी-अपनी सीमाओं में काम करें।

उन्होंने कहा, संस्थाएं अन्य संस्थाओं के सामने घुटने टेक रही हैं, और यह तात्कालिक सुविधा के कारण हो रहा है। येतात्कालिक लाभ तो दे सकते हैं, लेकिन दीर्घकालिक दृष्टिकोण से यह असहनीय क्षति का कारण बन सकते हैं। संसद में व्हिप की व्यवस्था पर सवाल करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा, व्हिप क्यों होना चाहिए? व्हिप का मतलब है कि आप अपने प्रतिनिधि की अभिव्यक्ति को सीमित कर रहे हैं, आप उसकी स्वतंत्रता को सीमित कर रहे हैं, आप अपने प्रतिनिधि को दासत्व की स्थिति में डाल रहे हैं। आप ऐसे व्यक्ति को अपनी मर्जी से सोचने का अवसर नहीं दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दलों को लोकतंत्र को बढ़ावा देना चाहिए। निर्वाचित प्रतिनिधियों को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता मिलनी चाहिए, लेकिन व्हिप इस रास्ते में बाधा है। संसद संचालन में बाधाओं का उल्लेख करते हुए श्री धनखड़ ने कहा कि जो कभी लोकतंत्र का मंदिर था, अब वह अखाड़ा बन गया है। यह एक युद्ध भूमि बन गई है। लोग 'मर्यादा' शब्द को भूल चुके हैं और 'गरिमा' का कोई अर्थ नहीं रह गया है। उन्होंने कहा कि सदन में अराजकता, विघटन और व्यवधान सुनियोजित तरीके से संचालित होते हैं। यह सुनिश्चित किया जाता है कि यह दिन संसद या विधानमंडल में विफलता का दिन होगा। युवाओं से जन प्रतिनिधियों को जिम्मेदार ठहराने का आह्वान करते हुए श्री धनखड़ ने कहा, युवा संसद, संस्थाओं, उनके कार्य और सांसदों के प्रदर्शन का परीक्षण करने की स्थिति में हैं। राजनीति में प्रतिभाशाली लोगों की आवश्यकता पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि नीति निर्माण में प्रशिक्षित लोगों की आवश्यकता है। हमें ऐसे प्रशिक्षित लोग चाहिए जो राजनीति को समझते हों। सरकार को जिम्मेदार ठहराना आसान नहीं है। सरकार को जिम्मेदार ठहराने का एकमात्र तरीका विधानमंडल के मंच के माध्यम से है।

प्रधानमंत्री मोदी अगले सप्ताह ओडिशा व्यापार सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे

भुवनेश्वर । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 28 जनवरी को ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में एक व्यापार सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री सुबह 11 बजे से डेढ़ घंटे तक 'उत्कर्ष ओडिशा - मेक इन ओडिशा कॉन्क्लेव 2025' के कार्यक्रम स्थल पर मौजूद रहेंगे। राज्य के इस प्रमुख व्यापार सम्मेलन में भारत और विदेशी उद्योग जगत की प्रमुख हस्तियां शामिल होंगी। सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री सम्मेलन में

मुख्य भाषण देंगे और ओडिशा के औद्योगिक परिवर्तन के लिए केंद्र सरकार की दृष्टि प्रस्तुत करेंगे। सूत्रों के अनुसार, प्रधानमंत्री 28 जनवरी को सुबह 10:35 बजे बीजू पटनायक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचेंगे और सीधे जनता मैदान में कार्यक्रम स्थल पर जाएंगे। वह दोपहर 12.55 बजे ओडिशा से रवाना होंगे। ओडिशा सरकार द्वारा आयोजित इस सम्मेलन में उत्पादन, खनन, हरित ऊर्जा, आईटी और आधारभूत संरचना(इन्फ्रास्ट्रक्चर) क्षेत्रों में अवसरों की खोज में रुचि रखने वाले उद्योगपतियों, नीति निर्माताओं और अंतरराष्ट्रीय निवेशकों की भागीदारी होगी। इस महीने में प्रधानमंत्री का ओडिशा का यह दूसरा दौरा होगा। इससे पहले वह नौ जनवरी को भुवनेश्वर में प्रवासी भारतीय दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए थे।

वकीलों की हड़ताल के कारण राहुल गांधी के मामले की सुनवाई 30 जनवरी तक टली

सुलतानपुर । लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं रायबरेली से सांसद राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि मामले की बुधवार को होने वाली सुनवाई अधिवक्ताओं की हड़ताल के कारण पुनः टल गई है। वादी विजय मिश्र के अधिवक्ता संतोष कुमार पांडेय ने बताया कि अधिवक्ताओं की हड़ताल के कारण सांसद-विधायक विशेष अदालत के मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 30 जनवरी की तारीख निर्धारित की है। कोतवाली देहात के हनुमानगंज निवासी व भाजपा नेता विजय मिश्रा ने 2018 में राहुल गांधी के विरुद्ध मानहानि का मामला एमपी-एमएलए अदालत में दर्ज कराया था। मिश्रा ने अपनी याचिका में आरोप लगाया था कि कर्नाटक चुनाव के दौरान राहुल गांधी ने केन्द्रीय मंत्री अमित शाह के खिलाफ अभद्र टिप्पणी की थी। अदालत में पांच साल लंबी प्रक्रिया चली लेकिन राहुल गांधी हाजिर नहीं हुए तो दिसंबर 2023 में तत्कालीन न्यायाधीश ने वारंट जारी कर उन्हें तलब किया था। तब फरवरी 2024 में राहुल गांधी अदालत के समक्ष पेश हुए थे।

संपादकीय

कब तक अनसुलझा रहेगा नेताजी की मौत का रहस्य ?

भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की मौत का रहस्य आज भी अनसुलझा है। दरअसल उनकी मृत्यु के संबंध में कई दशकों से यही दावा किया जाता रहा है कि 18 अगस्त 1945 को सिंगापुर से टोक्यो (जापान) जाते समय ताइवान के पास फार्मोसा में उनका विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था और उस हवाई दुर्घटना में उनका निधन हो गया था। नेताजी ने 16 अगस्त 1945 को टोक्यो से ताइपेई के लिए उड़ान भरी थी और जापानी द्वितीय विश्व युद्ध का उनका विमान 18 अगस्त की सुबह ताइपेई के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। उसके बाद जापान सरकार द्वारा घोषणा की गई थी कि उस दुर्घटना में विमान में सवार सभी 25 लोगों की मौत हो गई, जिनमें नेताजी सुभाष चंद्र बोस भी शामिल थे। 18 अगस्त 1945 को ताइवान के ताइपेई में विमान दुर्घटना में उनकी मौत की जापान सरकार द्वारा की गई आधिकारिक घोषणा को भारत सरकार ने भी स्वीकार कर लिया था लेकिन आज भी कई लोग इसे मानने को तैयार नहीं हैं। दरअसल उनके जीवित होने और गुमनामी में जीवन जीने के दावे किए जाते रहे हैं और इस विषय पर कई बार जांच भी हुई है। हालांकि नेताजी के जीवित होने का दावा करने वाले लोगों ने कई बार अपने दावों का समर्थन करने के लिए सबूत पेश किए लेकिन उन सबूतों को प्रायः संदिग्ध माना गया है और कहा जाता रहा है कि उनके जीवित होने के दावे के समर्थन में कोई ठोस सबूत नहीं हैं। दरअसल नेताजी का शव कभी नहीं मिला और कुछ अन्य कारणों से भी उनकी मौत के दावों पर आज तक विवाद बरकरार है। उनकी मृत्यु का रहस्य जानने के लिए विभिन्न सरकारों द्वारा पूर्व में कुछ आयोगों का गठन भी किया जा चुका है और कोलकाता हाईकोर्ट द्वारा नेताजी के लापता होने के रहस्य से जुड़े खुफिया दस्तावेजों को सार्वजनिक करने की मांग पर सुनवाई के लिए स्पेशल बेंच भी गठित की गई किन्तु अभी तक रहस्य से पर्दा नहीं उठा है। फैजाबाद के गुमनामी बाबा से लेकर छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले तक में नेताजी के होने संबंधी कई दावे भी पिछले दशकों में पेश हुए किन्तु सभी की प्रामाणिकता संदिग्ध रही और नेताजी की मौत का रहस्य यथावत बरकरार है। हालांकि जापान सरकार बहुत पहले ही इस बात की पुष्टि कर चुकी है कि 18 अगस्त 1945 को ताइवान में कोई विमान हादसा हुआ ही नहीं और भारत सरकार द्वारा कुछ समय पूर्व सार्वजनिक की गई नेताजी से संबंधित कुछ गोपनीय फाइलों में मिले एक नोट से तो यह सनसनीखेज खुलासा भी हुआ कि 18 अगस्त 1945 को हुई कथित विमान दुर्घटना के बाद भी नेताजी ने तीन बार 26 दिसम्बर 1945, 1 जनवरी 1946 तथा फरवरी 1946 में रेडियो द्वारा राष्ट्र को सम्बोधित किया था। इस खुलासे के बाद से ही नेताजी की मौत का रहस्य और गहरा गया था। नेताजी के जीवित रहने को लेकर किए गए विभिन्न दावों में कहा गया कि वे विमान दुर्घटना में नहीं मारे गए थे बल्कि जीवित बच गए थे और उन्होंने अपने जीवन का बाकी हिस्सा गुप्त रूप से बिताया। ऐसे ही दावों में से एक दावा यह भी था कि विमान दुर्घटना में नेताजी को गंभीर रूप से चोटें लगी थी लेकिन वे जीवित बच गए थे और उन्हें एक जापानी अस्पताल में ले जाया गया था, जहां उनका इलाज किया गया और बाद में उन्हें सोवियत संघ ले जाया गया, जहां उन्हें एक गुप्त शिविर में रखा गया। एक अन्य दावा यह भी था कि नेताजी ने विमान दुर्घटना में बचने के लिए अपना रूप बदल लिया था। उन्होंने अपना नाम और पहचान बदल ली थी और एक गुप्त जीवन जीने लगे थे। कुछ लोगों ने यह दावा भी किया कि उन्होंने नेताजी को गुप्त रूप से रहने के दौरान देखा है। हालांकि इन तमाम दावों में से किसी का भी कोई पुख्ता सबूत कभी नहीं मिला लेकिन इन दावों को लेकर सच्चाई जानने को लेकर लोगों में सदैव उत्सुकता रही है। उनकी मौत के रहस्य को सुलझाने के लिए कई बार जांच आयोग भी बैठाए गए, जिनमें से सबसे महत्वपूर्ण जांच आयोग न्यायमूर्ति ताराचंद की अध्यक्षता में 1956 में बैठाया गया था। ताराचंद आयोग ने अपने निष्कर्ष में कहा था कि नेताजी की मृत्यु विमान दुर्घटना में हुई थी। आयोग ने कहा था कि नेताजी के जीवित रहने के दावे के समर्थन में कोई ठोस सबूत नहीं है लेकिन आयोग के निष्कर्षों को कई लोगों ने चुनौती दी थी, जिनका कहना था कि आयोग ने नेताजी के जीवित रहने के दावों की पर्याप्त जांच नहीं की थी। आज भी दावे के साथ यह कहना मुश्किल है कि नेताजी की मृत्यु कैसे हुई थी। हो सकता है कि वे विमान दुर्घटना में मारे गए हों या यह भी हो सकता है कि वे जीवित बच गए हों और उन्होंने अपना जीवन गुप्त रूप से बिताया हो। कुल मिलाकर, उनकी मौत का रहस्य आज भी अनसुलझा है और इस रहस्य को सुलझाने के लिए और अधिक जांच की आवश्यकता है।

23 जनवरी 2025 का पंचांग

सूर्योदय- 07.13 प्रात-
सूर्यास्त- 06.03 सायं
सूर्य राशि- मकर राशि में।
चंद्र उदय- 1.32 सायंकाल
चंद्र अस्त- 12.39 दोपहर
चंद्रमा- रात्रि- 10.32 उपरांत वृश्चिक राशि में।

आचार्य सुकुल प्रसाद, ज्योतिष, हस्तरेखा, अंकशास्त्र एवं वास्तु विशेषज्ञ। मो-7078453594

विक्रम समवत 2081 अमांत महीना पौष-24 पूर्णिमांत महीना माघ-10, पक्ष-कृष्ण 09, तिथि-नवमी सायं- 05 37 तक बाद में दशमी, नक्षत्र- विशाखा सायं- 05.08 तक बाद में अनुराधा, योग-गंड प्रात- 05.07 तक बाद में वृद्धि, करण- ग़र सायं- 05.07 तक बाद में वणिज प्रात- 06.36 तक बाद में विष्टी, राहु काल दोपहर- 01.30 से 03.00 बजे तक,कुलीक काल प्रात- 09.00 से 10.30 बजे तक, यमगंड प्रात- 06.00 से 07.30 बजे तक अभिजीत मुहूर्त दोपहर- 12.16 से 01.00 बजे तक दुमुहूर्त प्रात- 10.50 से 11.33 तक व दोपहर- 03.10 से 03.53 तक अमृत काल सायं- 07.23 से 09.09 तक ब्रह्म मुहूर्त-प्रात- 05.37 से 06.25 तक।

आज 23 जनवरी का दैनिक राशिफल।

मेष-परीक्षा की तैयारी में आत्मविश्वास रखें, देने जाए तो जरूरी कागजात याद रखें, फैक्ट्री का माल पास के क्षेत्रों में पहुंचाना चाहेंगे, भारी वजन सोच समझकर उठाए।
भाग्य प्रतिशत-50

वृषभ-जीवन में आनंदित पल बिताएंगे, धन संपदा का लाभ मिलेगा, डायबिटीज के कारण अचानक सेहत प्रभावित हो सकती है, संतान के लिए खर्चा होगा।
भाग्य प्रतिशत-51

मिथुन- जमीन है तो बेचनी पड़ सकती है, पब्लिशिंग व्यवसाय में कर्मचारी गलती कर सकता है नुकसान सम्भव है,डीलर को पैसा मिलेगा।
भाग्य प्रतिशत-50

कर्क- काम धीरे-धीरे पटरी पर लौट सकता है, नौकरी छोड़कर दूसरी जगह जाएंगे, कोई उकसा सकता है, अध्ययन में समय दे सकते है।
भाग्य प्रतिशत-53

सिंह- ज्वेलरी व्यवसाय में अप्रत्याशित लाभ होगा, छोटी कम्पनी भी खोल सकते है, फोटोग्राफर की आय होगी, प्रतिष्ठा बढ़ेगी।
भाग्य प्रतिशत-80

कन्या- खाली थे तो नया कार्य मिल सकता है इन्कम होगी, सोच विचार ही ना करते रहे, विदेश जाकर नाम कमायेंगे, ईंट व्यवसाय में ऑर्डर मिलेगा।
भाग्य प्रतिशत-61

तुला- प्रेम संबंधों में कटुता आ सकती है गलती स्वीकार कर ले, फैशन, मीडिया के क्षेत्र में है तो काम की सराहना होगी, रिस्क कार्य में लाभ भी दिखता है।
भाग्य प्रतिशत-75

वृश्चिक-जिम्मेदारी बढ़ेगी, कोचिंग इंस्टीट्यूट अच्छा चलेगा, लेखन कार्य करेंगे, सरकारी कार्य कराकर धन लाभ होगा, घर से दूर जाने का प्लान भी बनेगा।
भाग्य प्रतिशत-70

धनु- बच्चे की कस्टडी, तलाक को लेकर कोर्ट में बहस होगी, हड्डी रोग विशेषज्ञ से परामर्श ले सकते है, आपको अधिक समझाना पड़ेगा।
भाग्य प्रतिशत-49

मकर- मेहनत, दिनचर्या को सुधारने पर फोकस करेंगे, मित्र मदद के लिए बुला सकता है, कानूनी क्षेत्र में पकड़ बनाएंगे, काम चल निकलेगा।
भाग्य प्रतिशत-53

कुम्भ- किसी गुरु से मिलने सलाह लेने की इच्छा होगी, कोई किसी बात के लिए जिम्मेदार ठहरा सकता है जिससे गुस्सा बढ़ेगा, कम्प्यूटर सेंटर अच्छा चलेगा।
भाग्य प्रतिशत-65

मीन-पुराने मकान को तोड़कर नया बना सकते है, किसी विवाद से छुटकारा चाहेंगे, पैसा भी खर्चे करेंगे, विदेश में मन लगेगा, होटल में छोटी नौकरी मिल सकती है।
भाग्य प्रतिशत-54

'आध्यात्मिक महोत्सव' महाकुंभ में शामिल हुए अनुपम खेर, बोले- 'मेरा सौभाग्य'

मुंबई । दिग्गज अभिनेता अनुपम खेर प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ में शामिल हुए। सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा कर अभिनेता ने महाकुंभ को आध्यात्मिक महोत्सव बताया। इसके साथ ही उन्होंने उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ का भी आभार जताया। सोशल मीडिया पर सक्रिय अभिनेता अनुपम खेर ने इंस्टाग्राम पर महाकुंभ से एक वीडियो साझा करते हुए इसे जादूनगरी बताया। अभिनेता ने कैप्शन में लिखा, कल महाकुंभ के पावन स्थल पर पहुंचा हूं। ये जादूनगरी है! यहां का वातावरण यहां आकर ही महसूस किया जा सकता। हर तरफ उन्माद है, भक्ति भाव है, जिज्ञासा है, प्रश्न है, प्रश्नों के उत्तर हैं और प्रसन्नता है। यहां दूर-दूर तक आध्यात्मिक महोत्सव है। अभिनेता ने महाकुंभ में आध्यात्मिक गुरु स्वामी अवधेशानंद गिरी से भी मुलाकात की और बताया कि उनसे मुलाकात और महाकुंभ में आना उनके लिए सौभाग्य की बात है। खेर ने लिखा, मैं स्वामी अवधेशानंद गिरी महाराज का मेरे प्रति स्नेह और आदर के लिए हृदय से आभारी हूं। उनके साथ समय बिताना और सनातन का ज्ञान प्राप्त करना मेरा सौभाग्य है!



अभिनेता ने महाकुंभ की व्यवस्था को लेकर योगी सरकार की तारीफ की और सीएम योगी का आभार भी जताया। उन्होंने आगे लिखा, मैं विश्व के बड़े से बड़े होटलों में रहा हूं। यहां के इंतजाम किसी से कम नहीं। केवल 35 दिनों में इस नगरी को खड़ा कर देना अद्भुत है। इस छोटे से वीडियो में कुछ भी नहीं है, जो यहां असल में है। मैं उत्तर प्रदेश की सरकार और खासकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को इस भव्य आयोजन के लिए बधाई देता हूं। जय मां गंगा। अभिनेता अक्सर देश भर के मंदिरों में दर्शन-पूजन के लिए जाया करते हैं। खेर हाल ही में मुंबई स्थित सिद्धि विनायक मंदिर बप्पा के दर्शन को पहुंचे थे, जहां अभिनेता ने बताया था कि बप्पा के दर्शन करने से उन्हें शांति के साथ ही शक्ति भी मिलती है। अभिनेता ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा किया था, जिसमें वह भगवान गणेश की पूजा-अर्चना करते नजर आए। अभिनेता मंदिर में हाथ जोड़े दिखे थे। उन्होंने लिखा था, मुंबई के सिद्धि विनायक मंदिर में पूजा की। आपके और आप सबके परिवार के लिए प्रभु के दरबार में नतमस्तक होकर प्रार्थना की। इससे शांति मिलती है और शक्ति भी। गणपति बप्पा मोरया।

ज़ी अनमोल सिनेमा पर 26 जनवरी को होगा जवान का प्रीमियर

मुंबई, । बॉलीवुड के किंग खान शाहरूख खान की ब्लॉकबस्टर फिल्म जवान का प्रीमियर 26 जनवरी को जी अनमोल सिनेमा पर होगा। ज़ी अनमोल सिनेमा पर मेगा ब्लॉकबस्टर फिल्म जवान का प्रीमियर, रविवार 26 जनवरी को शाम 7.30 बजे होगा। इस फिल्म से निर्देशक एटली ने हिंदी फिल्मों में अपनी शुरुआत की है। फिल्म जवान में शाहरूख खान के साथ दीपिका पादुकोण, विजय सेतुपति, नयनतारा, प्रियामणि, सान्या मल्होत्रा, सुनील ग्रोवर जैसे शानदार कलाकारों समेत कई अन्य कलाकारों ने महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाई हैं। शाहरुख खान ने कहा,टेलीविजन पर अपनी फिल्म का प्रीमियर देखना हमेशा अच्छा लगता है। हम सभी ने इस फिल्म में अपना दिल लगाया है और यह बहुत अच्छी बात है कि अब ज़ी अनमोल सिनेमा के जरिए फिल्म जवान देश भर के घरों तक पहुंच रही है। फिल्म मेकिंग



का एक जॉनर ऐसा है जो डायनैमिक है, विशाल है ज़िंदगी से भी बड़ा। यह एक फिल्म में पैक की गई हर चीज की एक रोलरकोस्टर राइड है और यह वाकई एक मजेदार, सार्थक सफर है। 'जवान' आपको सोचने पर मजबूर कर देगी, आपको गुस्सा दिलाएगी, आपको हंसाएगी और रुलाएगी, और आपको इससे प्यार हो जाएगा, लेकिन यह अपने परिवार के साथ अनुभव करने लायक सफर होगा। एटली ने कहा, मैं एक फिल्ममेकर होने से पहले शाहरुख खान का फैन हूं। मैं उनके हर पहलू और उनके सभी ऑन-स्क्रीन अवतारों का फैन रहा हूं और जवान में मैं उनके सभी रूप दिखाना चाहता था लेकिन एक जनता वाली अपील के साथ। जवान एक भावना है।प्यार की भावना, संघर्ष की भावना और एक भारतीय होने की भावना, और वह गौरव जो इन सभी चीजों के साथ आता है। मेरी जड़ें जनता और मूल जज़्बातों में समाई हैं इसलिए मैं हमेशा कुछ ऐसा बनाने की कोशिश करता हूं जो सीधे लोगों के दिलों तक पहुंचे। मैं ज़ी अनमोल सिनेमा पर जवान के प्रीमियर के लिए बेहद उत्साहित हूं और साथ ही पूरे भारत के परिवारों तक पहुंचने को लेकर भी रोमांचित हूं।

संजय लीला भंसाली की फिल्म पद्मावत 24 जनवरी को होगी री-रिलीज



मुंबई । बॉलीवुड फिल्मकार संजय लीला भंसाली की सुपरहिट फिल्म पद्मावत अपनी 7वीं सालगिरह के मौके पर फिर से 24 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। दीपिका पादुकोण, रणवीर सिंह और शाहिद कपूर जैसे स्टार्स से सजी फिल्म पद्मावत भारतीय सिनेमा की सबसे खूबसूरत और कामयाब फिल्मों में से एक मानी जाती है। मलिक मुहम्मद जायसी की कविता पद्मावत पर आधारित फिल्म पद्मावत रानी पद्मावती की खूबसूरती, सुल्तान अलाउद्दीन खिलजी के खिलाफ उनकी हिम्मत और उनकी निडरता की कहानी है। संजय लीला भंसाली के शानदार निर्देशन और भव्य प्रोडक्शन डिज़ाइन ने इसे दुनियाभर के दर्शकों के दिलों तक पहुंचाया। वर्ष 2018 में जब फिल्म पद्मावत रिलीज़ हुई, तो इसने हर तरफ तहलका मचा दिया। दीपिका पादुकोण ने रानी पद्मावती के रोल में अपना जलवा दिखाया, रणवीर सिंह ने खिलजी के किरदार में डर और जुनून भर दिया, और शाहिद कपूर ने राजा रतन सिंह की गरिमा को बेहतरीन तरीके से पर्दे पर उतारा।

हैदराबाद एयरपोर्ट पर व्हीलचेयर पर दिखीं रश्मिका मंदाना

हैदराबाद । साउथ के साथ-साथ हिंदी इंडस्ट्री में भी रश्मिका मंदाना ने अपना दबदबा बनाया है। उनकी लोकप्रियता दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। 2021 में रिलीज हुई फिल्म पुष्पा की वजह से उनकी किस्मत बदल गई। फिल्म में श्रीवल्ली के किरदार से उन्हें काफी लोकप्रियता मिली। उसके बाद उनकी बॉलीवुड एंट्री हो गई है। फिलहाल वह दोनों इंडस्ट्री में आगे हैं। %एनिमल% के बाद उनके पास फिल्मों की कतार लग गई है। इस सभी व्यस्त कार्यक्रम के बीच रश्मिका को जिम में गंभीर चोट लग गई। उनके पैर में फ्रैक्चर है और हाल ही में उन्हें हैदराबाद एयरपोर्ट पर व्हीलचेयर पर देखा गया था। कभी एयरपोर्ट पर पैपराजी को मीठी मुस्कान देने वालीं रश्मिका आज अलग नजर आ रही थीं। वह गुलाबी चेक स्वेटशर्ट, नीली जींस, सर पर टोपी और चेहरे पर मास्क पहनकर कार से बाहर निकलीं। वह लंगड़ाते हुए सामने रखी व्हीलचेयर पर बैठी। व्हीलचेयर पर बैठकर उन्होंने अपना सर नीचे रखा और कैमरे की तरफ देखने की बजाय सिर्फ मोबाइल फोन की तरफ देखती रहीं। रश्मिका का ये वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। नेटिज़न्स ने वीडियो पर ओवरएक्टिंग जैसा कमेंट किया है। फैंस ने उनके ठीक होने की दुआ की है। रश्मिका आने वाली फिल्म छावा में नजर आएंगी। फिल्म का भव्य ट्रेलर आज लॉन्च किया जाएगा। फिल्म में विक्की कौशल मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। रश्मिका मंदाना सलमान खान के साथ सिकंदर की शूटिंग में भी व्यस्त थीं। इसी समय उनके पैर में चोट लग गई थी। इसलिए फिल्म की शूटिंग भी टाल दी गई। रश्मिका ने सोशल मीडिया पर अपनी आने वाली फिल्मों के डायरेक्टर्स से माफी भी मांगी।

फिल्मों के फ्लॉप होने पर अक्षय कुमार ने तोड़ी चुप्पी

मुंबई । अभिनेता अक्षय कुमार आगामी फिल्म स्काई फोर्स में नजर आएंगे। यह फिल्म 24 जनवरी को रिलीज हो रही है। फिलहाल अक्षय फिल्म के प्रमोशन में बिजी हैं। इस बीच अक्षय की पिछली कई फिल्में फ्लॉप रही हैं। पिछले 2 सालों में उन्होंने एक भी ब्लॉकबस्टर हिट नहीं दी है। कुछ साल पहले भी अक्षय की लगातार 16-17 फिल्में फ्लॉप रही थीं। अब इन सबका जवाब खुद अक्षय ने दिया है। एक साक्षात्कार में अक्षय कुमार कहा, मैं कई लोगों से मिलता हूं और उनसे सुनता हूं कि हम इस फिल्म को ओटीटी पर देखेंगे। अब यह एक आदत बन गई है। दर्शक अब यह सोचने लगे हैं कि जब यह रिलीज के कुछ दिनों के भीतर ओटीटी पर आएगी तो वे इसे अपने घर पर आराम से देख सकेंगे। उन्होंने आगे कहा, मैं 2025 के लिए बहुत उत्साहित हूं। मैं अपनी आने वाली फिल्मों का इंतजार कर रहा हूं। मेरी कुछ फिल्में अलग-अलग विषयों पर आ रही हैं। इसलिए मुझे उम्मीद है कि दर्शक फिल्में देखने के लिए थिएटर आएंगे। पिछले कुछ सालों में अक्षय की 8 से 10 फिल्में फ्लॉप हो चुकी हैं। वह टाइगर श्रॉफ के साथ बिग बजट फिल्म बड़े मियां छोटे मियां में नजर आए थे, लेकिन फिर भी फिल्म हिट नहीं रही। इसके अलावा राम सेतु, सम्राट पृथ्वीराज, रक्षा बंधन, सेल्फी फिल्में नहीं चलीं।

सैफ अली खान के अस्पताल से घर लौटने पर खुश हुई करिश्मा, दो शब्दों में ही जाहिर किए जज्बात

मुंबई । अभिनेता और करीना कपूर के पति सैफ अली खान अस्पताल से मंगलवार को डिस्चार्ज हो चुके हैं। अभिनेत्री करिश्मा कपूर ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा किया, जिसमें पॉजिटिव वाइब्स लिखा है। सोशल मीडिया पर सक्रिय करिश्मा ने यह पोस्ट सैफ के घर लौटने के बाद साझा की। इंस्टाग्राम के स्टोरीज सेक्शन पर साझा पोस्ट में केवल पॉजिटिव वाइब्स (खुशनुमा माहौल की अनुभूति) लिखा था। अभिनेत्री करिश्मा कपूर की छोटी बहन करीना कपूर, अभिनेता सैफ अली की पत्नी हैं। इसके साथ ही करिश्मा और सैफ अच्छे दोस्त हैं और इनके बीच काफी अच्छा बॉन्ड है। सैफ अली खान को लीलावती अस्पताल से मंगलवार को छुट्टी मिल गई। हालांकि, डॉक्टर्स ने उन्हें आराम करने की सलाह दी है। अस्पताल में अभिनेता की सर्जरी हुई थी। अस्पताल से घर आने के बाद अभिनेता पहली बार मीडिया और प्रशंसकों के सामने भी आए थे और सभी का हाथ हिलाकर अभिवादन भी किया था। सैफ पर हमले को लेकर एक आरोपी पांच दिनों की पुलिस रिमांड पर है। मामले में करीना का भी बयान हाल ही में दर्ज हुआ था। उन्होंने

बताया था कि जिस वक्त हमलावर के साथ सैफ की हाथापाई हो रही थी, उस वक्त वह अपने छोटे बेटे जहांगीर की जान बचाने के लिए बहन करिश्मा कपूर के घर भाग गई थीं। अभिनेत्री ने बताया था कि उन्हें ऐसा लग रहा था कि आरोपी जहांगीर पर हमला कर सकता है। इसके बाद सैफ बेटे तैमूर और इब्राहिम के साथ ऑटो लेकर हॉस्पिटल पहुंचे थे। बाद में करिश्मा और करीना अस्पताल पहुंची थीं। करिश्मा कपूर और सैफ अली खान हम साथ-साथ हैं के अलावा कई फिल्मों में काम कर चुके हैं।

सेंसेक्स, निफ्टी ने सकारात्मक रुख के साथ की कारोबार की शुरुआत

नई दिल्ली । एक दिन पहले मंगलवार की जोरदार गिरावट के बाद आज शुरुआती कारोबार के दौरान घरेलू शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव के बीच तेजी का रुख है।

आज के कारोबार की शुरुआत भी मजबूती के साथ हुई थी। बाजार खुलने के बाद लिवालों और बिकवालों के बीच एक-दूसरे पर हावी होने की कोशिश शुरू हो गई, जिसकी वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की चाल भी ऊपर-नीचे होती रही। पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.47 प्रतिशत और निफ्टी 0.29 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे।

शुरुआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से विप्रो, इन्फोसिस, टीसीएस, सन फार्मास्यूटिकल्स और टेक महिंद्रा के शेयर 2.31 प्रतिशत से लेकर 0.97 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, टाटा मोटर्स, पावर ग्रिड कॉरपोरेशन, अडाणी एंटरप्राइजेज और ट्रेंट लिमिटेड के शेयर 2.83 प्रतिशत से लेकर 1.18 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते हुए नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,379 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 536 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 1,843 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे।

इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 20 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 10 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 28 शेयर हरे निशान में और 22 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे। बीएसई का सेंसेक्स आज 276.06 अंक की तेजी के साथ 76,114.42 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही तेजड़ियों और मंदड़ियों के बीच खींचतान शुरू हो गई, जिसके कारण इस सूचकांक की चाल में भी उतार-चढ़ाव होने लगा। खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक उछल कर 76,247.55 अंक तक पहुंचा। वहीं, बिकवाली का दबाव बनने पर इसने 76,001.95 अंक तक गोता भी लगाया। बाजार में लगातार जारी खरीद-बिक्री के बीच पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10.15 बजे सेंसेक्स 359.36 अंक की बढ़त के साथ 76,197.72 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स की तरह एनएसई के निफ्टी ने आज 74.50 अंक उछल कर 23,099.15 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की।

बाजार खुलते ही खरीदार और बिकवाल एक-दूसरे पर हावी होने की कोशिश करने लगे, जिससे इस सूचकांक की चाल में भी उतार-चढ़ाव होता हुआ नजर आया। खरीदारी के सपोर्ट से निफ्टी उछल कर 23,127.70 अंक तक पहुंचा, वहीं बिकवाली होने पर ये 23,050.55 अंक तक गिर भी गया।

बाजार में लगातार जारी लिवाली और बिकवाली के बीच शुरुआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10=15 बजे निफ्टी 65.70 अंक की मजबूती के साथ 23,090.35 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

इसके पहले पिछले कारोबारी दिन मंगलवार को सेंसेक्स 1,235.08 अंक यानी 1.60 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 75,838.36 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं, निफ्टी ने 320.10 अंक यानी 1.37 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,024.65 अंक के स्तर पर मंगलवार के कारोबार का अंत किया था।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक संपादक दीपक शर्मा द्वारा वत्स ऑफ़सेट मुद्दा हॉउस, प्रिंटर्स प्रेस सी -ब्लॉक बारात घर रघुनाथपुर सेक्टर -22 नोएडा से मुद्रित एवं ग्राम पोस्ट शेखपुर थाना बाबूगढ़ हापुड़ से प्रकाशित। आर एन आई नंबर UPHIN/2020/86789 मो. 9953840820, ईमेल आईडी ujalahiteshie&press@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय हापुड़ स्थित न्यायालय में होगा।

तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार मोटर मैकेनिक को रौंदा मौत

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। देहात कोतवाली की नई मंडी चौकी क्षेत्र में गांव उटरावली के निकट बाइक सवार मोटर मैकेनिक गजेंद्र सिंह को तेज रफ्तार स्कॉर्पियो कार ने टक्कर मार दी। हादसे में उनकी मौत हो गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कोतवाली देहात में गांव उटरावली निवासी नितिन कुमार ने तहरीर दी। बताया कि उसके पिता गजेंद्र सिंह नगर बुलंदशहर के मोतीबाग क्षेत्र में मोटर बांधने एवं रिपेयरिंग का काम करते थे। सोमवार रात को गजेंद्र सिंह दुकान बंद कर बाइक से गांव लौट रहे थे। बुलंदशहर-औरंगाबाद मार्ग पर गांव उटरावली के समीप एक स्कूल के सामने औरंगाबाद की तरफ से आ रही स्कार्पियो गाड़ी ने उनके पिता की बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में उनके पिता गजेंद्र सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। अस्पताल में चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद आरोपी चालक स्कॉर्पियो छोड़कर फरार हो गया। एएसपी0क्राइम्स कुमार ने बताया कि स्कॉर्पियो के नंबर के आधार पर आरोपी चालक का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

मिलावटखोरों पर कार्यवाही न होने से मिलावटखोरों का धंधा जोरों पर,शाम को आते है- खाद्य सुरक्षा अधिकारी

उजाला हितैषी एक्सप्रेस
सैय्यद मजहर

बुलंदशहर। गुलावठी नगर में खाद्य पदार्थों में मिलावटखोरी की शिकायत आए दिन जिला प्रशासन तक पहुंचती हैं, लेकिन तब भी खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारी मिलावटखोरों पर कार्यवाही करने से कतराते हैं। बीती देर शाम जब एफएसओ (खाद्य सुरक्षा अधिकारी) महेश कुमार अचानक गुलावठी पहुंचे तो साप्ताहिक बाजार बंदी के दिन मंगल को भी बेधड़क दुकान खोलकर खाद्य पदार्थ बेचने वाले दुकानदारों में हड़कंप मच गया। भाकियू ने डीएम साहिबा से शिकायत कर कार्यवाही की मांग की है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी महेश कुमार से जब इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने मिलावटखोरों की कोई शिकायत नहीं मिली है शिकायत मिलने पर कार्यवाही की जाएगी। मिलावट खोरी करने वाले किसी भी मिलावट खोर को किसी भी कीमत पर बक्शा नहीं जाएगा !

वृद्ध दंपति को बाइक सवार ने कुचला उपचार के दौरान वृद्धि की हुई मृत्यु वृद्ध हुई बुरी तरह घायल

उजाला हितैषी एक्सप्रेस
सैय्यद मजहर

बुलंदशहर। औरंगाबाद थाने के अंतर्गत ग्राम खाजपुर में गंगा सिंह अपनी पत्नी के साथ अपने खेत से वापस लौट रहे थे ईदगाह के समीप तेज रफ्तार से आ रही बाइक ने उनको टक्कर मार दी टक्कर इतनी भयानक थी की वृद्ध दंपति सड़क पर गिर पड़े और बुरी तरह घायल हो गए दोनों दंपतियों को अस्पताल पहुंचाया गया हालात सीरियस देखकर उन्हें हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया जहां वृद्धा ने दम तोड़ दिया ! पुलिस ने दोनों बाइक सवार आरोपियों को हिरासत में ले लिया ! थाना प्रभारी नहीं बताया है कि अभी मृतक की तरफ से कोई तहरीर नहीं मिली है तहरीर मिलने के उपरांत कार्यवाही की जाएगी।

अंतर्राष्ट्रीय वैश्य संगठन ने किया थाना प्रभारी का स्वागत

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। शिकारपुर अंतर्राष्ट्रीय वैश्य संगठन, अहमदगढ़ के पदाधिकारियों ने नगर अध्यक्ष गौरव अग्रवाल के नेतृत्व में थाना अहमदगढ़ के नवांगत थाना प्रभारी नीरज मलिक का स्वागत किया। इस दौरान संगठन के सदस्यों ने थाना प्रभारी को संगठन की गतिविधियों और उद्देश्य की जानकारी दी और सभी पदाधिकारियों का परिचय कराया। इस मौके पर उमेश चंद्र वार्ष्णेय, संजीव अग्रवाल, राकेश चंद्र वार्ष्णेय, मयंक तायल, विपिन गोयल, राहुल अग्रवाल समेत संगठन के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सौहार्दपूर्ण माहौल में संगठन और पुलिस के बीच बेहतर सहयोग की उम्मीद जताई गई।

शर्मनाक- जेठ ने विवाहिता से किया दुष्कर्म का प्रयास, पति ने दिया तीन तलाक

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। बुलंदशहर के खानपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में एक विवाहिता के साथ उसके जेठ ने दुष्कर्म का प्रयास किया, और शिकायत करने पर पति ने उसे तीन तलाक दे दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने छह नामजद आरोपितों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। विवाहिता ने पुलिस को बताया कि उसका निकाह 9 सितंबर 2023 को नफीस नामक व्यक्ति से हुआ था। निकाह के बाद ससुराल वालों ने उसे उत्पीड़ित करना शुरू कर दिया। 15 जनवरी 2024 को जब उसका पति और अन्य ससुराल वाले बाहर गए, तो उसका जेठ कमरे में घुसकर दुष्कर्म का प्रयास किया और धमकी देते हुए फरार हो गया। शिकायत करने पर पति ने उसे चुप रहने के लिए कहा और फिर उसे मायके छोड़ आया। बाद में, जब पति ने उसे मायके से लेने के लिए बुलाया और वह मना करने लगी, तो पति ने उसे गुस्से में आकर तीन तलाक दे दिया। साथ ही, ससुराल पक्ष ने विवाहिता के पिता से अतिरिक्त दहेज की मांग की। पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

श्रीराम से प्रेरणा लेकर राजनीति में सद्भाव और एकता की अपील

डॉ. अनीता लोधी द्वारा श्रीराम शोभायात्रा का उद्घाटन

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। डिबाई के ग्राम पिलखना में अयोध्या में श्रीराम प्राणप्रतिष्ठा के एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भव्य शोभायात्रा का शुभारंभ हुआ। पूर्व विधायक डॉ. अनीता लोधी ने फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया और श्रीराम मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद सुसज्जित रथ पर विराजमान राम, लक्ष्मण, सीता और हनुमान के स्वरूपों का तिलक कर सम्मान किया। शोभायात्रा का ग्रामवासियों ने फूलों की वर्षा कर स्वागत किया। डॉ. अनीता लोधी ने कहा कि श्रीराम के जीवन से प्रेरणा लेते हुए राजनीति में विद्वेष, दलगत और जातीय भावनाओं से ऊपर उठकर कार्य करना चाहिए। इस कार्यक्रम में क्षेत्रवासियों और प्रशासन का विशेष सहयोग रहा।

क्षत्रिय महासभा द्वारा स्तुति कुशवाह को किया गया सम्मानित

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। बुलंदशहर में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा द्वारा मंडल अध्यक्ष ज्ञानेंद्र सिंह राघव के नेतृत्व में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह समारोह अनूपशहर के मोरी गेट स्थित सुभाष पुंडीर के आवास पर हुआ, जहां जेपी विद्या मंदिर यूनिवर्सिटी की कक्षा 11 की छात्रा स्तुति कुशवाह को सम्मानित किया गया। स्तुति कुशवाह ने जनपद में आयोजित हिंदी वाद-विवाद प्रतियोगिता में एक देश, एक चुनाव के विपक्ष में अपना पक्ष रखते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर मुख्य प्रवक्ता अखंड प्रताप सिंह, मंडल अध्यक्ष ज्ञानेंद्र सिंह राघव और शिक्षक नेता राजकुमार राघव ने स्तुति की सराहना की। उन्होंने कहा कि स्तुति ने समाज का नाम रोशन किया और आने वाली पीढ़ी को प्रेरणा दी। सम्मान समारोह में कई प्रमुख लोग जैसे अशोक पवार, सत्येंद्र सिंह चौहान, महेश राघव, ग्राम प्रधान डुंगरा जोगी, और अन्य क्षत्रिय महासभा के सदस्य उपस्थित रहे।

दिव्यांग की दुकान का ताला तोड़कर सामान भरकर ले गए दबंग

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर । जहाँगीराबाद नगर के शिकारपुर बस स्टैंड के निकट स्थित कुछ दबंगों द्वारा एक विकलांग की दुकान का ताला तोड़कर उसमें रखा सारा गायब करने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की गुहार लगाई है। जानकारी के मुताबिक शिकारपुर बस स्टैंड के निकट अंसारी बिरादरी के कब्रिस्तान स्थित हैं। इन्हीं कब्रिस्तानों के बाहर कुछ दुकानें बनी हुई हैं जो किरायेदारी पर दी हुई हैं। इन्ही दुकानों में से एक दुकान जोगेंद्र पुत्र मेवाराम सैनी ने किराए पर ली हुई है। जोगेंद्र दिव्यांग होने के कारण मोटर साईकल मैकेनिक का कार्य कर अपने परिवार का भरण पोषण करता है। जोगेंद्र ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि बुधवार को कब्रिस्तान की देखरेख के कार्य से जुड़े दो दबंग उसकी दुकान का ताला तोड़कर सारा सामान भरकर ले गए और दुकान पर अपना ताला डाल दिया। पीड़ित ने पुलिस से इस मामले में दबंगों के खिलाफ कार्यवाही की गुहार लगाई है। वहीं दिल्ली गेट पुलिस चौकी इंचार्ज ने इस मामले से जुड़ी कोई भी तहरीर प्राप्त होने से ही इंकार कर दिया। जबकि पीड़ित और उसके भाई का दावा है कि उन्होंने चौकी इंचार्ज को ही तहरीर दी है। वहीं तहरीर देने के बाद दबंगों की ओर से फैसला करने का दबाव बनाने के लिए कुछ लोग पीड़ित के घर ही आ धमके जिससे वह और भी ज्यादा सकते में आ गया। जहाँगीराबाद पुलिस द्वारा इस मामले में शिथिलता बरतती देख पीड़ित दिव्यांग ने एसएसपी के कार्यालय में शिकायत करने की बात कही है।

जनपदीय इन्कोर्ड समिति की बैठक सम्पन्न

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। बुलंदशहर के कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी श्रुति की अध्यक्षता में जनपदीय इन्कोर्ड समिति की बैठक आयोजित हुई। इस बैठक में जिलाधिकारी ने नशा मुक्ति के लिए स्कूल और कॉलेजों में निबंध, पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित करने, प्रभात फेरी निकालने और प्रार्थना में शपथ दिलाने के निर्देश दिए। इसके अलावा, शराब की दुकानों पर नियमित पैट्रोलिंग और मेडिकल स्टोरों पर बिना डॉक्टर के पर्चे के नशा संबंधित दवाइयों की बिक्री पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि इन उपायों से नशा मुक्ति के लक्ष्य को हासिल करने में मदद मिलेगी, जिससे जनपद, प्रदेश और देश नशा मुक्त बने। बैठक में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) डॉ. प्रशान्त कुमार और अन्य संबंधित अधिकारी भी उपस्थित थे।

जल निगम ग्रामीण, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, दिव्यांगजन सशक्तिकरण, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक सम्पन्न

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। बुलंदशहर के कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी श्रुति की अध्यक्षता में जल निगम ग्रामीण, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, दिव्यांगजन सशक्तिकरण और अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों ने चल रही जनकल्याणकारी योजनाओं और निर्माण कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्य समय पर और गुणवत्तापूर्वक पूरे किए जाएं। इसके अलावा, लाभार्थियों की सूची उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया ताकि अन्य विभागों द्वारा सत्यापित किया जा सके। इस बैठक में मुख्य विकास अधिकारी कुलदीप मीना और अन्य संबंधित अधिकारी भी उपस्थित थे।

आर्थिक सहायता से वंचित दो मृतकों के परिवारों को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने भेजे सहायता राशि के चेक

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। बुलंदशहर अलीगढ़ बुलंदशहर के शिकारपुर में हुई भीषण दुर्घटना में आर्थिक सहायता से वंचित दो मृतक सुरेंद्र कुमार पुत्र महावीर सिंह निवासी अलीपुर एवं कुमारी फ्रूटी पुत्री अशोक कुमार निवासी नगला अहेरिया माजरा रायपुर खास विधानसभा 73 अतरौली के आश्रितों को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के द्वारा एक-एक लाख रूपये के दो चेक आर्थिक सहायता हेतु भेजे गए जबकि इन चैकों को समाजवादी पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष गिरीश यादव एवं विधानसभा अध्यक्ष बॉबी शर्मा प्रधान एवं एडवोकेट राजवंत सिंह राघव,एडवोकेट कुलदीप सिंह चौहान प्रदेश सचिव अधिवक्ता सभा, विधानसभा उपाध्यक्ष रविंद्र सिंह यादव, बबलू होलकर जिला पंचायत सदस्य, विजय प्रजापति और मनोज जाटव द्वारा मृतकों के आश्रित नेमवती और अशोक कुमार को दिए गए इस मौके पर ग्राम प्रधान के भाई विकास यादव,मास्टर प्रमोद यादव,बदन सिंह प्रधान,चंद्रकेश यादव, महेश यादव,रामेश्वर जाटव,बी. डी.यादव, घनश्याम यादव,अनिल कुमार पत्रकार, ओमवीर सिंह यादव प्रधान,रहमुद्दीन,शिव कुमार यादव,गिर्राज यादव आदि लोग मौजूद रहे और सभी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा दी गई आर्थिक सहायता के लिए उनका आभार प्रकट किया।

राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ पर जगमगाया शिव मंदिर

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर । शिकारपुर ग्राम जलालपुर करीरा में बुधवार, 22 जनवरी को राम मंदिर मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। अंग्रेजी कैलेंडर के अनुसार यह तिथि 22 जनवरी है, जबकि वैदिक पंचांग के अनुसार इस वर्षगांठ का आयोजन 11 जनवरी 2025 को किया गया था। सदियों के संघर्ष और लाखों राम भक्तों के तप व बलिदान के बाद निर्मित श्री राम जन्मभूमि मंदिर आज भारत का गौरव बन चुका है। इस उपलक्ष्य में ग्राम जलालपुर के प्राचीन शिव मंदिर पर 501 दीप प्रज्वलित कर खुशियां मनाई गईं। इस अवसर पर डॉक्टर संजय चौधरी, ब्रह्मजीत सिंह, मोनू कुमार, कुलवृषि सिंह, वीरेंद्र सिंह काका, राजकुमार सिंह सहित कई श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभी ने एकजुट होकर इस ऐतिहासिक क्षण को स्मरणीय बनाया।

कार बेचने के नाम पर 3.75 लाख रूपये ठगे

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। छतारी क्षेत्र के समसपुर गांव निवासी किसान के साथ एक युवक ने ऋण बकाया वाली कार बेचकर सीधे साधे किसान के साथ धोखाधड़ी की। आरोपी ने किसान से कार के नाम पर 3.75 लाख रुपये ऐंठ लिए। कुछ दिन बाद फाइनेंस कंपनी के लोग आए और पीड़ित के पास से कार लेकर चले गए। तब पीड़ित को ठगी का एहसास हुआ है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

प्राप्त विवरणनुसार समसपुर गांव निवासी धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि उन्होंने फेसबुक पर एक ईको कार बेचने का विज्ञापन देखा था। उस पर दिए गए नंबर पर पीड़ित ने फोन किया और खरीदने की बात कही। इसमें खुर्जा नगर के झमका गांव निवासी अमरीश से पीड़ित की फोन पर बात हुई। 30 दिसंबर 2024 को अमरीश ने शिकारपुर में पीड़ित को कार दिखाई। इसमें 3 लाख 95 हजार रुपये में कार का सौदा तय हुआ। तभी पीड़ित ने अमरीश को दो हजार रुपये दे दिए। 31 दिसंबर को अमरीश ने ऑनलाइन 20 हजार रुपये और ले लिए। एक जनवरी 2025 को शिकारपुर में पीड़ित ने अमरीश को 3.50 लाख रुपये नकद दिए जिसकी वीडियो भी बनाई गई। इसके बाद पीड़ित ने कार खरीद ली। अमरीश ने पीड़ित से कहा कि कार में सीएनजी0 लगवाने के लिए उसने आरसी0एजेंसी में दी है। वह वहां से लाकर पीड़त को दे देगा। सात जनवरी को फाइनेंस कंपनी के लोग आए तो उन्होंने बताया कि कार पर पांच लाख रुपये का ऋण बकाया है। किस्त नहीं देने के चलते वह कार जब्त करके ले गए। वहीं सीओ0 डिबाई शोभित कुमार ने बतया कि आरोपी अमरीश को गिरफ्तार कर लिया गया। उसके पास से एक लाख रुपये बरामद किए गए हैं।

कुश्ती को खेल की भावनाओं से लड़े- सुनील चरौरा

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। जहांगीराबाद के सांखनी गांव में अखाड़ा अमानत हुसैन कर्बला के नेतृत्व में कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया। इस दंगल का उद्घाटन मुख्यातिथि जिला पंचायत सदस्य पति और रालोद नेता सुनील चरौरा तथा रियाजत अली ने संयुक्त रूप से किया। पहलवानों ने अपने दावपेच दिखाए और दर्शकों का मन मोह लिया। आयोजन में गांव के विभिन्न पहलवानों ने भाग लिया और दर्शकों को अपनी ताकत का प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि सुनील चरौरा ने कहा कि कुश्ती दंगल शारीरिक फिटनेस के साथ-साथ आपसी भाईचारे का संदेश भी देते हैं। उन्होंने युवाओं से कुश्ती को खेल भावना और भाईचारे के साथ खेलने की अपील की, ताकि यह खेल और देश का नाम रोशन कर सके। रियाजत अली और समाजसेवी अख्तर अली ने भी इस खेल के महत्व पर जोर दिया और युवाओं से देशी कुश्ती की ओर ध्यान देने की बात की। कुश्ती दंगल के आयोजक मिर्ज़ा अब्बास और खैबर अली ने बताया कि इस दंगल में विजयी पहलवान भोला पहलवान (सांखनी), अबुजर पहलवान, रिहान पहलवान, शाहरुख पहलवान (सहारनपुर) और राजा पहलवान (सांखनी) थे। कार्यक्रम का संचालन मास्टर गजंफर अली ने किया।

जिला सैनिक कल्याण बन्धु की बैठक सम्पन्न

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। बुलंदशहर के कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी श्रुति की अध्यक्षता में जिला सैनिक कल्याण बन्धु की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद के पूर्व सैनिकों और उनके परिजनों से 11 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिलाधिकारी ने इन शिकायतों को गंभीरता से सुना और निर्देश दिया कि समस्याओं का शीघ्र और गुणवत्तापूर्वक निस्तारण किया जाए। जिलाधिकारी श्रुति ने यह भी कहा कि जिस अधिकारी द्वारा शिकायत का निस्तारण किया गया है, वह अगली बैठक में निस्तारण संबंधित प्रपत्र लेकर प्रतिभाग करें। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि/रा) अभिषेक कुमार सिंह, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी अनिल कुमार शर्मा और अन्य संबंधित अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

भारतीय किसान संघ ने प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में प्रसाद का वितरण

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। खानपुर के गिनौरा नंगली गांव में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ के उपलक्ष्य में भारतीय किसान संघ परिवार संस्था ने बुधवार को रामराज उत्सव पर हलवा का प्रसाद वितरण किया। इस अवसर पर भारतीय किसान संघ के जिला उपाध्यक्ष ठा0 शिवकुमार गौड़, जितेन्द्र राघव, सुनील कुमार, कालीचरण भोजवीर, रामभूल शर्मा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

समाजवाद के जनक स्व. जनेश्वर मिश्रा की पुण्यतिथि पर विचार गोष्ठी का आयोजन

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। बुलंदशहर में समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर समाजवाद के जनक स्व. जनेश्वर मिश्रा की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता सपा जिला अध्यक्ष मतलूब अली ने की, जबकि संचालन छात्र सभा के राष्ट्रीय सचिव विनीत राणा ने किया। सपा जिला अध्यक्ष मतलूब अली ने अपने संबोधन में कहा कि देश में भाजपा के नेता संवैधानिक पदों पर बैठकर असंवैधानिक कार्य कर रहे हैं, और उनकी वाणी पर कोई लगाम नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि अबकी बार केंद्र और उत्तर प्रदेश में डबल इंजन सरकार को उखाड़ फेंका जाएगा। उन्होंने 27 जनवरी 2025 से प्रस्तावित पीडीए चर्चा जन पंचायत कार्यक्रम के बारे में बताया, जिसमें अखिलेश यादव की नीतियों का प्रचार प्रसार किया जाएगा और समाजवादी पार्टी के मिशन को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। इस विचार गोष्ठी में हाजी अख्तर, मनीष शर्मा, प्रेमवीर यादव, सुरेश सिंह, प्रजापति, चौधरी चंद्रपाल सिंह, परविंदर यादव, जाकिर, बब्बू कासिम खान, वीरेंद्र प्रधान, आस मोहम्मद गाजी, यासीन तालाब, तंजीम अंसारी, मोहम्मद राशिद, शकील, मुकेश यादव, रामशंकर लोधी, अकरम कुरैशी, अजय बेदर्दी, रविंद्र प्रधान, चरण सिंह, दीपक बंसल, सुनीता चौहान, शराफत अली, शिव कुमार, रशीद प्रधान, राजू अल्वी, रामकुमार यादव, वीरेंद्र वाल्मीकि, सभासद जली समय, और सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

वैवाहिक समारोह में प्रदेश मंत्री डॉ. चंद्र मोहन और मंडल अध्यक्ष ज्ञानेंद्र सिंह राघव ने दी शुभकामनाएं

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। बुलंदशहर में क्षत्रिय महासभा डिबाई के सक्रिय सदस्य नरेश कुमार सिंह की सुपुत्री के वैवाहिक समारोह में प्रदेश मंत्री डॉ. चंद्र मोहन और मंडल अध्यक्ष ज्ञानेंद्र सिंह राघव ने अपने साथियों के साथ पहुंचकर नरेश कुमार सिंह को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सुपुत्री के वैवाहिक जीवन के उज्जवल भविष्य के लिए आशीर्वाद प्रदान किया। इस अवसर पर प्रदेश मंत्री डॉ. चंद्र मोहन, मंडल अध्यक्ष ज्ञानेंद्र सिंह राघव, महासचिव मंडल प्रदीप राघव, प्रवक्ता प्रवीण राघव, ललित राघव, धीरज सिंह प्रधान, संदीप राघव, अभिषेक प्रधान, विनीत सेठ समेत अन्य लोग भी उपस्थित थे। सभी ने इस खास मौके पर नरेश सिंह और उनके परिवार को शुभकामनाएं दीं और आशीर्वाद दिया।

मेरठ के सांसद अरुण गोविल ने घर-घर रामायण अभियान किया शुरू, 11 लाख ग्रंथ बांटने का संकल्प

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

हापुड़ । उत्तर प्रदेश के मेरठ से सांसद और प्रसिद्ध कलाकार अरुण गोविल ने बुधवार को हापुड़ के ग्राम असौड़ा में पवित्र ग्रंथ रामायण का वितरण किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि हर घर में रामायण होनी चाहिए। इसे सभी को पढ़ना भी चाहिए। उन्होंने पांच साल में 11 लाख रामायण बांटने का संकल्प लिया है। सांसद अरुण गोविल ने घर-घर रामायण अभियान की शुरुआत हापुड़ के ग्राम असौड़ा से की। उन्होंने अभियान के अंतर्गत 11 लाख रामायण बांटने का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा कि यह कोई एक दिन का अभियान नहीं, बल्कि पांच सालों में हम 11 लाख रामायण की प्रतियां बांटेंगे। इस संकल्प को रामजी जरूर पूरा करेंगे। यह अभियान पूरी तरह आध्यात्मिक है। इसमें राजनीति नहीं करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जैसा इस अभियान का नाम %घर-घर रामायण% है, इसे हर घर में होना चाहिए, सिर्फ होना नहीं, बल्कि पढ़ना चाहिए। पढ़ने से हमें शिक्षा मिलती है। हमें पता लगता है कि पारिवारिक और सामाजिक रिश्ते कैसे होते हैं। इंसान को सबके साथ मिलकर जीवन जीना चाहिए। हमें यह सीख रामायण से मिलती है। अरुण गोविल ने कहा कि यह जरूरी नहीं कि परिवार एक छत के नीचे रहें, लेकिन उनकी सोच एक होनी चाहिए। यह आज समाज के विघटन को रोकने के लिए जरूरी है। रामायण में देखें तो भगवान के निषाद राज से कैसे संबंध थे। उन्होंने शबरी के जूठे बेर किस तरह से खाए और वानरों के साथ उनका कैसा व्यवहार था। उनकी सेना में रीछ भी थे। उनके साथ जो राम जी का व्यवहार था, वह हमारे लिए प्रेरणात्मक और जीवन जीने की कला है। सांसद ने कहा कि रामायण केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि सामाजिक जीवन का आधार है। इस कार्यक्रम का मकसद है, हर घर में रामायण होनी चाहिए। इसे सभी पढ़ें और इससे शिक्षा लें। आने वाली पीढ़ी को बताएं कि किस तरह हमें आगे बढ़ना है। जो हम करते और सोचते हैं, उसका असर देश पर पड़ता है। देश को सशक्त और समर्थ बनाना है। पीएम मोदी के विजन के अनुसार 2047 तक हमें भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है। उन्होंने यह भी कहा कि महाकुंभ मेला आस्था का सबसे बड़ा यज्ञ है। इसमें सभी को जाना चाहिए। मैं 27 फरवरी को महाकुंभ में जाऊंगा। यह मुहूर्त 144 साल बाद आया है। यह हम सभी की जिंदगी में अकेला मुहूर्त है। इसका उपयोग जरूर करना चाहिए। संगम के पवित्र जल में सभी को डुबकी जरूर लगानी चाहिए।

हापुड़ में तीन टप्पलबाजों ने महिला को सम्मोहित कर सोने के कुंडल चुरा लिए

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

हापुड़ । जनपद हापुड़ के हापुड़ देहात थाना क्षेत्र में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। देवनंदनी अस्पताल के सामने तीन टप्पलबाजों ने एक महिला को बेटे के कष्ट दूर करने का झांसा देकर सम्मोहित कर लिया और उसके कानों के सोने के कुंडल उतारकर फरार हो गए। घटना के बाद महिला को होश आया तो उसने खुद को ठगा हुआ पाया। वह सड़क पर गिरकर जोर-जोर से रोने लगी और अपने कुंडल वापस दिलाने की गुहार लगाने लगी। महिला का नाम नीतू है, जो भीमनगर की निवासी बताई जा रही है। घटना उस समय घटी जब नीतू किसी काम से बाजार से घर लौट रही थी। पुलिस को सूचना मिलने पर उन्होंने तुरंत मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने बताया कि टप्पलबाजों ने बड़ी चालाकी से महिला को झांसा देकर सम्मोहित किया और उसका कीमती गहना लेकर भाग गए। फिलहाल पुलिस घटना की जांच में जुटी हुई है और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है ताकि टप्पलबाजों का सुराग मिल सके। स्थानीय लोगों ने घटना पर गहरा रोष व्यक्त किया है और पुलिस से अपराधियों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की है। इस घटना ने इलाके में डर का माहौल पैदा कर दिया है। पुलिस ने लोगों से सतर्क रहने और अनजान व्यक्तियों के झांसे में न आने की अपील की है।

पिलखुवा- छिजारसी गांव में किसान की गन्ने की फसल में लगी आग, मुआवजे की मांग

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

हापुड़ । पिलखुवा क्षेत्र के छिजारसी गांव में एक किसान की ढाई बीघा गन्ने की फसल में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लगने की घटना सामने आई है। इस आग से किसान की पूरी फसल जलकर नष्ट हो गई, जिससे उसे भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। किसान ओमकार सिंह ने बताया कि उन्होंने 2.5 बीघा खेत में गन्ने की फसल बोई थी। बुधवार की दोपहर अचानक उनकी फसल में आग लग गई। आग की जानकारी उन्हें तब मिली, जब गांव के ही एक व्यक्ति ने फोन पर इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही ओमकार सिंह अन्य किसानों के साथ खेत पर पहुंचे। ग्रामीणों और किसानों की सहायता से आग पर तो काबू पा लिया गया, लेकिन तब तक उनकी अधिकतर फसल जलकर राख हो चुकी थी। ओमकार सिंह ने बताया कि इस घटना से उन्हें गहरा आर्थिक झटका लगा है, क्योंकि गन्ने की फसल उनकी आय का मुख्य स्त्रोत थी। घटना के बाद ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित किसान को मुआवजा देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि इस तरह की घटनाएं किसानों के लिए बेहद नुकसानदायक होती हैं, और प्रशासन को जल्द से जल्द मदद पहुंचानी चाहिए। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। किसान और ग्रामीणों ने प्रशासन से इस मामले की जांच कराने और पीड़ित को उचित मुआवजा देने की अपील की है।

जिले में सभी अधिकारी टीबी रोगियों को गोद लें -डीएम

डीएम और सीडीओ ने की शुरूआत, रोगियों का हालचाल भी जाना

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

हापुड़ । हापुड़ जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा ने कहा है कि जिले में सभी अधिकारी टीबी रोगियों को गोद लेकर पुष्टाहार उपलब्ध कराएं और साथ ही उनका हालचाल भी लेते रहें। डीएम ने कहा कि यह पुण्य के साथ हमारी नैतिक जिम्मेदारी भी है। रोगियों का हालचाल लेने से रोगियों को भावनात्मक सहयोग मिलता है जो उसकी रिकवरी बेहतर करने में मददगार है। गोद लिए गए रोगियों के संपर्क में रहें और उपचार में किसी तरह की समस्या होने पर निदान भी कराएं। डीएम और सीडीओ ने बुधवार को अपने कार्यालय में स्वयं क्षय रोगियों को गोद लेकर इस अभियान की शुरूआत कर दी। कोआर्डिनेशन कराएंगे सीडीओ जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम को जिले में तैनात अधिकारियों और क्षय रोग विभाग के बीच कोआर्डिनेशन की जिम्मेदारी दी है। सीडीओ ने कार्यक्रम में मौजूद जिला क्षय रोग अधिकारी (डीटीओ) को क्षय रोगियों की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं ताकि रोगियों को उनके निवास स्थान के नजदीक तैनात अधिकारियों को गोद दिलाया जा सके। गोद लिए गए रोगियों का हाल जाना जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा और सीडीओ हिमांशु गौतम ने गोद लिए गए क्षय रोगियों से बातचीत कर उनका हाल जाना। दोनों अधिकारियों ने रोगियों से समय पर दवा मिलने के साथ ही खाते में पोषण राशि का पैसा मिलने की भी जानकारी ली। डीएम ने रोगियों से कहा कि दवा समय पर लेते रहें और किसी तरह की समस्या होने पर उन्हें तत्काल बताएं। अधिकारियों ने अपने मोबाइल नंबर भी क्षय रोगियों को उपलब्ध कराए हैं और साथ ही उपचार जारी रहने तक हर माह पोषण उपलब्ध कराने और हालचाल जानते रहने की बात कही है। डीएम बोलीं- पोषण लेना जरूरी डीएम ने रोगियों को बताया कि उन्हें उपलब्ध कराई गई पोषण पोटली में उच्च प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थ हैं। यह उनके उपयोग के लिए हैं। टीबी रोगियों को उच्च प्रोटीन युक्त पोषण लेना जरूरी है। ऐसा करने से दवा ज्यादा और जल्दी असर करती है और रोगी को ठीक होने में कम समय लगता है। उन्होंने रोगियों से कहा कि दवा और पोषण, दोनों नियमित रूप से लेने जरूरी हैं। साथ ही रोगियों को उनके परिजनों की टीबी जांच कराने के लिए भी प्रेरित किया। डीटीओ बोले- पूरा उपचार लें इस मौके पर डीटीओ डा. राजेश सिंह ने कहा कि टीबी की दवा बीच में न छोड़ें। उपचार पूरा अवश्य करें। ऐसा करने से उनकी टीबी पूरी तरह ठीक हो जाएगी और बीच में दवा छोड़ने की गलती की तो टीबी बिगड़ जाएगी, उस स्थिति में उपचार लंबा और मुश्किल हो जाएगा। इस मौके पर क्षय रोग विभाग से जिला पीपीएम समन्वय सुशील चौधरी और टीबीएचवी हरिश्चंद्र भी मौजूद रहे।

अंतरजनपदीय वाहन चोर गैंग का पंजीकरण, पुलिस की बड़ी कार्रवाई

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

हापुड़ । हापुड़ में डीआईजी मेरठ रेंज द्वारा अंतरजनपदीय वाहन चोर गैंग की गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक हापुड़ की संस्तुति पर एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। इस कदम के तहत एक वाहन चोर गैंग को परिक्षेत्र स्तर पर इंटर डिस्ट्रिक्ट गैंग के रूप में पंजीकृत किया गया है। यह गैंग हापुड़ और अन्य जनपदों में वाहन चोरी की घटनाओं को अंजाम देता था, जिससे अवैध धन अर्जित करता था। इस गैंग के लीडर का नाम आशीष है, जो कि अगवानपुर थाना परीक्षितगढ़, जनपद मेरठ का निवासी है। आशीष की उम्र करीब 23 वर्ष है। गैंग के अन्य दो सदस्य छोटे (19 वर्ष) और रोहित (24 वर्ष), दोनों भी अगवानपुर, थाना परीक्षितगढ़, जनपद मेरठ के निवासी हैं। इस गैंग को आईडी नंबर 19/2025 के तहत पंजीकृत किया गया है। पुलिस ने बताया कि यह गैंग विशेष रूप से बाइक चोरी में संलिप्त था। यह हापुड़ के अलावा मेरठ, बुलंदशहर, गाजियाबाद और अन्य जनपदों में भी वाहन चोरी की वारदातों को अंजाम देता था। गैंग के खिलाफ हापुड़ जिले के थाना गढ़मुक्तेश्वर में कई गंभीर मुकदमे दर्ज हैं। इनमें मु0अ0सं0-95/24 (धारा 379 भादवि), मु0अ0सं0-96/24 (धारा 379, 411 भादवि), मु0अ0सं0-102/24 (धारा 414, 379, 411, 420, 465 भादवि), और मु0अ0सं0-218/24 (धारा 2/3 गैंगस्टर अधिनियम) शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, जनपद मेरठ के थाना हस्तिनापुर में भी गैंग के खिलाफ दो मुकदमे दर्ज हैं। ये मुकदमे मु0अ0सं0-32/24 (धारा 379, 411 भादवि) और मु0अ0सं0-66/24 (धारा 379 भादवि) के तहत पंजीकृत हैं। डीआईजी मेरठ रेंज और एसपी हापुड़ ने इस गैंग के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का संकल्प लिया है और यह सुनिश्चित किया है कि इस गैंग के अन्य सभी सदस्यों को शीघ्र गिरफ्तार किया जाए।

पुलिस ने बताया कि इस गैंग के खिलाफ सख्त कदम उठाए जा रहे हैं, ताकि क्षेत्र में वाहन चोरी जैसी घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके। इस अभियान को लेकर स्थानीय लोगों में भी संतोष का माहौल है। पुलिस ने जनता से अपील की है कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी पुलिस को दें, ताकि इस तरह के अपराधों पर पूरी तरह से नियंत्रण पाया जा सके।

सिंभावली- मानसिक रूप से बीमार युवक की ट्रेन की चपेट में आकर मौत

उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़। जनपद हापुड़ के थाना सिंभावली क्षेत्र के गांव देवली निवासी 28 वर्षीय जावेद की बुधवार सुबह ट्रेन की चपेट में आकर दर्दनाक मौत हो गई। जावेद पिछले तीन साल से मानसिक रूप से बीमार था और उसका इलाज दिल्ली के एक अस्पताल में चल रहा था। इस घटना से परिवार में कोहराम मच गया है। मृतक के पिता मुस्ताक ने बताया कि बुधवार सुबह करीब साढ़े पांच बजे जावेद अचानक घर से बाहर निकल गया। जब वह घर पर नहीं मिला, तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। तलाश के दौरान, गांव के पास स्थित ब्रह्मगढ़ी रेलवे फाटक के पास भीड़ देखी गई। जब परिवार वहां पहुंचा, तो रेलवे ट्रैक पर एक क्षत-विक्षत शव पड़ा मिला। शव की पहचान जावेद के रूप में की गई। मुस्ताक ने बताया कि जावेद किसी तरह रेलवे लाइन तक पहुंच गया था, जहां यह हादसा हुआ। परिजनों ने जावेद की मानसिक स्थिति का हवाला देते हुए इसे दुर्घटना बताया। सूचना मिलने पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। इस घटना से गांव में शोक का माहौल है। स्थानीय लोगों ने जावेद के परिवार को सांत्वना दी और परिजनों से दुःख साझा किया। पुलिस ने घटना को आत्महत्या या दुर्घटना मानते हुए जांच पूरी कर ली है।

चेकिंग के दौरान एक वाहन चोर को किया गिरफ्तार, चोरी की मोटरसाइकिल बरामद

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। स्याना थाना पुलिस ने मंगलवार रात वाहन चेकिंग के दौरान एक वाहन चोर को गिरफ्तार किया। पुलिस को संदिग्ध व्यक्ति के बारे में मुखबिर से सूचना मिली, जिसके बाद नरसेना मोड़ पर चेकिंग करते हुए आरोपी को दबोच लिया। आरोपी की पहचान राजकुमार पुत्र डाली सिंह निवासी ग्राम रजापुर, थाना सिंभावली, जनपद हापुड़ के रूप में हुई। पूछताछ में आरोपी ने चोरी की एक मोटरसाइकिल, होन्डा साइन नं0 यूपी-12 एसी -4556, के साथ पकड़ा गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे चेकिंग अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

पश्चिम उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल ने जिलाधिकारी का किया स्वागत

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। बुलंदशहर में पश्चिम उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल का एक प्रतिनिधिमंडल, चौधरी विजेंद्र सिंह (प्रदेश संरक्षक) और वरिष्ठ उपाध्यक्ष एस.के. सक्सेना के नेतृत्व में, नवनियुक्त जिलाधिकारी से मिला। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष नरेश गोयल, जिला महामंत्री अनुराग अग्रवाल, जिला सचिव सुमित महेश्वरी, नगर प्रभारी विजय गुप्ता, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष सचिन गोयल, अजय सहित कई व्यापारीगण उपस्थित रहे। उन्होंने जिलाधिकारी को पुष्प एवं बुके भेंट कर उनका स्वागत किया। इस दौरान, नगर की समस्याओं और व्यापारियों के मुद्दों पर चर्चा हुई, जिस पर जिलाधिकारी महोदय ने आश्वासन दिया कि जल्द ही समस्याओं का निस्तारण किया जाएगा और व्यापारियों की बैठक नियमित रूप से आयोजित की जाएगी।

श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा के प्रथम वर्ष के अवसर पर प्रसाद वितरण

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। बुलंदशहर में भारत के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक गौरव के प्रतीक श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में प्रभु श्री राम लला जी के विराजमान होने और प्राण-प्रतिष्ठा के प्रथम वर्ष के उपलक्ष्य में दीपांशु अग्रवाल के प्रतिष्ठान पर भंडारे का आयोजन किया गया। इस पावन अवसर पर असंख्य रामभक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस भंडारे में अंकुर अग्रवाल, रजत बंसल, अनिल बंसल, सतीश जी, सचिन राठौर, कुलजीत सिंह अजमानी, प्रदीप अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल, गल्ला मंडी एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री मुकेश अग्रवाल और श्री मुकुट लाल जी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे और आयोजन को सफल बनाने में योगदान दिया। समारोह में उपस्थित सभी लोगों ने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर प्रभु श्री राम लला जी के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की और इस ऐतिहासिक अवसर को यादगार बनाने के लिए सभी का आभार व्यक्त किया।

एचपीडीए की टीम ने अवैध प्लाटिंग और निर्माण पर की बड़ी कार्रवाई

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

हापुड़ । गढ़मुक्तेश्वर में उच्चाधिकारियों के निर्देश पर बुधवार को एचपीडीए (हापुड़-पिलखुवा विकास प्राधिकरण) की टीम ने नगर में अवैध प्लाटिंग और बिना मानचित्र स्वीकृत कराए किए जा रहे निर्माण के खिलाफ ध्वस्तीकरण अभियान चलाया। इस कार्रवाई के दौरान अधिकारियों ने मानकों का उल्लंघन करने वालों को सख्त चेतावनी दी। प्रभारी प्रवर्तन अधिकारी अम्बरीश कुमार शर्मा ने बताया कि पुरानी दिल्ली रोड पर इंद्रा नगर स्थित घोड़ा फार्म में गौरव और मोहम्मद शाहिद द्वारा बिना मानचित्र स्वीकृत कराए करीब 20,000 वर्ग मीटर में अवैध प्लाटिंग की जा रही थी। टीम ने वहां ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की। इसके अलावा स्याना रोड पर भूपेंद्र नर्सिंग होम के पीछे जितेंद्र यादव, अर्जुन दास और घनश्याम दास की ओर से 1,600 वर्ग मीटर में हो रही अवैध प्लाटिंग को भी ध्वस्त किया गया। स्याना रोड पर ही जितेंद्र यादव और हरवीर की 1,600 वर्ग मीटर में अवैध प्लाटिंग पर कार्रवाई करते हुए उसे ध्वस्त कराया गया। साथ ही पुरानी दिल्ली रोड पर 25 वर्ग मीटर में शबनम द्वारा बिना मानचित्र स्वीकृत कराई गई दुकान पर सीलिंग की गई। अधिकारियों ने कहा कि बिना मानचित्र स्वीकृत कराए किसी भी तरह का निर्माण करना गैरकानूनी है। प्रभारी प्रवर्तन अधिकारी ने लोगों से अपील की कि वे प्राधिकरण से अनुमति लिए बिना कोई भी निर्माण कार्य न करें। इस दौरान अभियान में पीयूष जैन, देशपाल सिंह और अन्य अधिकारियों ने भाग लिया। टीम ने सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि मानकों का उल्लंघन करने पर भविष्य में भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

पैसे को लेकर सीएनजी पंप कर्मचारी से मारपीट

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

नोएडा । दादरी (संवाद) जीटी रोड स्थित सीएनजी पंप पर कार सवार लोगों का खुले पैसे को लेकर पंप कर्मचारी के साथ विवाद हो गया। आरोप है कि युवकों ने कर्मचारी के साथ लाठी-डंडों से मारपीट कर दी। पुलिस ने बताया कि जीटी रोड पर सिंह आईजीएल सीएनजी पंप है। पंप पर सोमवार रात करीब 10 बजे एक कार आई। सीएनजी लेने के बाद खुले पैसे को लेकर कर्मचारी का कार सवार युवकों के साथ विवाद हो गया। आरोप है कि युवकों ने कर्मचारी मोनू के साथ गाली गलौज की और लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। पंप मैनेजर रतन सिंह ने तीन-चार अज्ञात लोगों के खिलाफ कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

सोलर प्लांट की साइट से कीमती सामान चोरी

ग्रेटर नोएडा । नोएडा सेक्टर 145 के समीप चल रही सोलर प्लांट की साइट से चोरी का मामला सामने आया है। साइट से चोर करीब डेढ़ लाख रुपए कीमत का सामान चोरी कर ले गए हैं। सुपरवाइजर ने इसकी शिकायत पुलिस से की है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। सेक्टर 142 थाना पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक सुपरवाइजर कृष्णकांत राठौर की शिकायत पर चोरी का मुकदमा दर्ज किया गया है। सुपरवाइजर ने पुलिस को बताया कि उनकी कंपनी सोलर प्लांट लगाने का काम करती है। कंपनी द्वारा नोएडा सेक्टर 145 में सोलर प्लांट लगाया जा रहा है। साइट से सोमवार की रात करीब डेढ़ लाख रुपए कीमत का सामान चोरी कर लिया गया। मंगलवार की सुबह चोरी की घटना के बारे में पता चला। इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। सेक्टर 142 थाना प्रभारी का कहना है कि सुपरवाइजर की शिकायत पर मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। पुलिस द्वारा चोरों का पता लगाकर जल्द घटना का खुलासा किया जाएगा।

मोबाइल पर आए लिंक पर क्लिक करते ही खाते से कट गए डेढ़ लाख रुपए

ग्रेटर नोएडा । सूरजपुर कोतवाली क्षेत्र में रहने वाले एक युवक के साथ साइबर ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित का आरोप है कि मोबाइल पर आए एक लिंक पर क्लिक करते समय ही खाते से तीन बार में करीब डेढ़ लाख रुपए काट लिए गए। पीड़ित ने साइबर ठगी की शिकायत पुलिस से की है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। सेक्टर पाई वन में तरुण कुमार परिवार के साथ रहते हैं। तरुण कुमार ने पुलिस को बताया कि कुछ दिनों पहले उनके मोबाइल पर एक लिंक आया। जैसे ही उन्होंने लिंक पर क्लिक किया इस बीच उनके खाते से तीन बार में पैसे काट लिए गए। पीड़ित का आरोप है कि खाते से पहले 50 हजार फिर 49 हजार और इसके बाद 49809 कुल 1,48809 रुपए की ठगी की गई है। पीड़ित ने तुरंत घटना के बाद साइबर हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत की थी। इसके बाद पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज किया है। सूरजपुर कोतवाली प्रभारी का कहना है कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

अतिरिक्त दहेज में कोठी न मिलने पर मारपीट कर मायके में छोड़ा

नोएडा । थाना सेक्टर-24 में एक महिला ने अपने पति, सास और ससुर के खिलाफ दहेज के लिए उत्पीड़न करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़िता का आरोप है कि ससुराल वाले उन पर अतिरिक्त दहेज में कोठी खरीदवाने का दवाब बना रहे हैं। सेक्टर-52 निवासी महिला ने पुलिस को बताया कि चार दिसंबर 2023 को उनका विवाह दिल्ली निवासी शालीन गुप्ता के साथ हुआ था। इस विवाह में उसके पिता ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार दहेज दिया था। इसके बावजूद पति और सास-ससुर इससे संतुष्ट नहीं थे। शादी के कुछ समय में बाद ही उसे दहेज के लिए प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। पीड़िता का आरोप है कि उसके पति शालीन गुप्ता, ससुर अभय राजन गुप्ता व सास निशा गुप्ता ने उन पर दबाव बनाया कि वह अपने पिता से नोएडा में एक कोठी खरीदवाकर दें जिससे वह लोग आराम से रह सकें। 26 मार्च 2024 को सास निशा गुप्ता ने लॉकर में रखने के बहाने उससे सोने-चांदी के आभूषण ले लिए। आरोप है कि 11 अप्रैल को सास ने उन्हें सूप पीने के लिए दिया, जिसके बाद उनके सिर में दर्द होने लगा और वह बेहोश हो गईं। होश में आने पर जब उन्होंने पति को यह बात बताई तो उसने कहा कि जब तक कोठी नहीं मिलेगी तो इसी तरह प्रताड़ित किया जाएगा। पीड़िता के मुताबिक उसने जब पुलिस में शिकायत करने की बात कही तो उसकी सास ने धमकी दी कि वह अपने बेटे की दूसरी शादी कर देगी। 12 अप्रैल को वह ससुराल वालों की प्रताड़ना से त्रस्त होकर अपने मायके चली आईं। महिला थाने में दोनों पक्षों के बीच मध्यस्थता विफल होने के बाद डीसीपी महिला सुरक्षा के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

शादी में बुलाकर युवक के साथ मारपीट

दादरी । बादलपुर कोतवाली क्षेत्र के कूड़ी खेड़ा गांव में तीन लोगों ने युवक को शादी समारोह में बुलाकर मारपीट कर घायल कर दिया। बचाव में आए भाई के साथ भी मारपीट की गई। पुलिस ने बताया कि कूड़ी खेड़ा गांव में मनोज नागर परिवार के साथ रहते हैं। सोमवार शाम को गांव में ही हनी शर्मा ने अपने घर पर शादी में मनोज नागर को बुलाया था। रात करीब 11 बजे हनी, प्रशांत और अतुल मनोज के साथ गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर मारपीट की गई। बचाव में उसके भाई मुकेश के आने पर उसके साथ भी मारपीट की गई। घायल के भाई मनीष नागर ने गांव के ही हनी, प्रशांत व अतुल के खिलाफ कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

मारपीट के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

दादरी । जारचा कोतवाली पुलिस ने तीन दिन पहले बिसाहड़ा गांव में मारपीट के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया हैं। आरोप है कि पुरानी रंजिश में आरोपियों ने घर में घुसकर मारपीट की थी। आरोपियों के पास से तलवार, कैंची एवं डंडा बरामद किया गया है। ग्राम प्रधान समेत अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस जुटी है। पुलिस ने बताया कि 20 जनवरी को बिसाहड़ा गांव में हिमांशु अपने घर पर था। तभी ग्राम प्रधान समेत दो दर्जन से अधिक लोग घर में घुस गए थे। लाठी-डंडे, तलवार आदि से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। मामले में ग्राम प्रधान समेत 12 लोग नामजद व अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई। पुलिस ने इस मामले में सुमित और शिवम को गिरफ्तार किया है।

बदरपुर विधानसभा में माकपा का जनसंपर्क अभियान- गरीब, मजदूर और किसानों के हित में वादे

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

नई दिल्ली । बदरपुर विधानसभा क्षेत्र के मीठापुर गांव, एकता विहार, जैतपुर, साई नगर, लखपत कॉलोनी और गगन विहार में भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी (सीपीआई एम) के प्रत्याशी कामरेड जगदीश चंद्र शर्मा के नेतृत्व में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस अभियान में पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया, जिनमें कामरेड आशा शर्मा, कविता शर्मा, पीवी अनियन, सुबीर बनर्जी, गंगेश्वर दत्त शर्मा, सोनिया वर्मा, रामसागर, मलखान सैफी, अशोक, और आनंद प्रमुख थे। गरीब और मजदूरों के हित में प्रतिबद्धता कामरेड जगदीश चंद्र शर्मा ने क्षेत्र के लोगों से संवाद करते हुए पार्टी की योजनाओं और नीतियों को साझा किया। उन्होंने कहा कि सीपीआई (एम) हमेशा से गरीबों, मजदूरों, किसानों और मेहनतकश लोगों के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष करती रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि चुनाव में जीतने के बाद बदरपुर विधानसभा क्षेत्र में समुचित विकास सुनिश्चित किया जाएगा और जनता की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के साथ किया जाएगा।

नुक्कड़ सभाओं में माकपा का संदेश जनसंपर्क अभियान के दौरान आयोजित नुक्कड़ सभाओं में कामरेड आशा शर्मा ने जनता से अपील की कि वे क्षेत्र के विकास के लिए माकपा प्रत्याशी को भारी मतों से विजयी बनाएं। उन्होंने कहा कि दल बदलू और अवसरवादी राजनीति करने वालों को इस बार चुनाव में हराना होगा।

क्षेत्र में विकास के वादे माकपा नेता कविता शर्मा ने जनता से संवाद करते हुए बदरपुर क्षेत्र में डिग्री कॉलेज और अस्पताल का निर्माण कराने का वादा किया। उन्होंने यह भी कहा कि क्षेत्र को प्रदूषण मुक्त बनाने और नागरिकों को सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए माकपा पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

पार्टी को मिल रहा है जनसमर्थन माकपा नेता गंगेश्वर दत्त शर्मा ने बताया कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में पार्टी ने बदरपुर और करावल नगर से अपने दो प्रत्याशियों को मैदान में उतारा है। उन्होंने दावा किया कि जनता का भरपूर समर्थन पार्टी प्रत्याशियों को मिल रहा है और लोग क्षेत्र के विकास और अपने अधिकारों के लिए माकपा का समर्थन कर रहे हैं। इस जनसंपर्क अभियान के माध्यम से माकपा ने जनता को यह भरोसा दिलाने की कोशिश की कि पार्टी का मुख्य उद्देश्य गरीबों, मजदूरों और किसानों के अधिकारों की रक्षा करना और क्षेत्र का समुचित विकास सुनिश्चित करना है। पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं के उत्साह ने इस अभियान को और प्रभावी बनाया।

शिक्षा में है राम की बहुत उपयोगिता- प्रो. योगेश सिंह

नई दिल्ली । दिल्ली विश्वविद्यालय के दूरस्थ एवं सतत शिक्षा विभाग, मुक्त शिक्षण विद्यालय, मुक्त शिक्षण परिसर में श्री राम ऑडिटोरियम की आधारशिला बुधवार, 22 जनवरी को रखी गई। इस अवसर पर रेड क्रॉस सोसाइटी-दिल्ली शाखा की अध्यक्ष एवं शिक्षाविद् श्रीमती संगीता सक्सेना बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रही और कार्यक्रम की अध्यक्षता दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने की। एसओएल के ऑडिटोरियम में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने कहा कि शिक्षा में राम की बहुत उपयोगिता है। श्री राम तो भारत के प्राण हैं और ऐसे व्यक्तित्व के नाम पर ऑडिटोरियम होगा तो अच्छे भाव ही पैदा होंगे। कुलपति ने कहा कि राम को हम अपने नजरिए से देखते हैं, जबकि राम तो नजरिए से परे हैं; और नजरिए को बनाने का काम शिक्षा करती है। इस अवसर पर श्रीमती संगीता सक्सेना ने अपने संबोधन में कहा कि ओपन लर्निंग में वो पढ़ते हैं जिन्हें पढ़ने की ललक होती है। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि अगर हमें कुछ मिलता है तो उसके बदले कुछ देने या लौटाने की ज़िम्मेदारी और भी बढ़ती है। श्रीमती सक्सेना ने विद्याथियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि उड़ने के लिए किसी की इजाजत की जरूरत का इंतजार न करें, ये पंख तुम्हारे हैं और ये आसमान भी तुम्हारा है। कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आपके रहने से दूसरों की ज़िंदगी में कुछ अच्छा होता है तो आप सफल है। उन्होने कहा कि पैसा सफलता का एक मापदंड हो सकता है, पद सफलता का एक मापदंड हो सकता है, लेकिन ये सफलता के एकमात्र मापदंड नहीं हैं। इसके साथ ही कुलपति ने ओपन लर्निंग में वक्त के साथ परिवर्तनों पर ज़ोर देते हुए कहा कि हमें अपने देश के दूरस्थ शिक्षा के चेहरे को बदलना है। शिक्षक पूरे कोर्स को एक वेब सीरीज की तरह डिजाइन करें और 40-45 मिनट के ध्यानकर्षण वाले विडियो बनाएं।

आपको अपने क्षेत्र में उदाहरण प्रस्तुत करने हैं। कार्यक्रम के दौरान एसओएल की स्व शिक्षण सामग्री (एसएलएम) वितरण के लिए डाक वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इसके साथ ही आधारशिला का अनावरण और खेल नीति दस्तावेज का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान शीर्ष पांच मेधावी विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। 8.5 से अधिक सीजीपीए प्राप्त करने वाली सभी महिला विद्यार्थियों को भी समारोह के दौरान विशेष रूप से पुरस्कृत किया गया। इसके साथ ही मुक्त शिक्षा विद्यालय के कॉल सेंटर, मीटिंग रूम, और शिशुओं के लिए समर्पित क्रेच सुविधा का उद्घाटन भी किया गया। यह क्रेच विद्यालय के कर्मचारियों के बच्चों के लिए एक सराहनीय व्यवस्था है। कार्यक्रम के आरंभ में सीओएल की निदेशक प्रो. पायल मागो ने अतिथियों का स्वागत किया और एसओएल, सीओएल के बारे में विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की। कार्यक्रम के समापन पर एसओएल के प्राचार्य प्रो. अजय जयसवाल द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर डीन ऑफ कॉलेजेज़ प्रो. बलराम पाणी एवं दक्षिणी परिसर के निदेशक प्रो. श्री प्रकाश सिंह सहित अनेकों शिक्षक, अधिकारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

अजय माकन ने केजरीवाल पर निशाना साधा, आप सरकार पर लगाया 382 करोड़ के घोटाले का आरोप

नई दिल्ली । कांग्रेस के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अजय माकन ने बुधवार को दिल्ली की आम आदमी पार्टी (आप) सरकार के %स्वास्थ्य मॉडल% पर गंभीर आरोप लगाए। साथ ही कांग्रेस नेता ने नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) की रिपोर्ट का हवाला देते हुए आप सरकार के तहत कथित भ्रष्टाचार को उजागर किया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अजय माकन ने दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि आज मैं सबके सामने %आप के पाप% की पहली कड़ी रखना चाहता हूं। दिल्ली में एक ऐसे नेता हैं, जिन्होंने अपनी पार्टी इसलिए बनाई थी, ताकि वो भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ सकें। उस जमाने में केजरीवाल सीएजी रिपोर्ट के आधार पर ही कांग्रेस पर आरोप लगाते थे। इस समय सीएजी की 14 ऐसी रिपोर्ट हैं, जिसमें केजरीवाल सरकार के ऊपर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप हैं, लेकिन अब वो रिपोर्ट सामने नहीं आ रहीं। ऐसे में हम अरविंद केजरीवाल से पूछना चाहते हैं कि इस रिपोर्ट में हेल्थ से जुड़े मामले में 382 करोड़ का घोटाला कैसे है? कांग्रेस नेता ने आगे कहा कि सीएजी रिपोर्ट कहती है कि दिल्ली में पिछले 10 साल में केवल तीन अस्पताल बनकर तैयार हुए। इनमें एक का एक्सटेंशन है और इनकी शुरुआत कांग्रेस के समय हुई थी। लेकिन इन हॉस्पिटल को बनने में समय तो ज्यादा लगा ही, बल्कि जितने का टेंडर था, उससे ज्यादा पैसा खर्च हुए। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी अस्पताल बनाने में 314 करोड़ रुपये, बुराड़ी हॉस्पिटल बनाने में 41 करोड़ रुपये और मौलाना आजाद हॉस्पिटल बनाने में 26 करोड़ रुपये फालतू में खर्च किए गए। सीएजी की रिपोर्ट कहती है कि 2007-15 के बीच 15 प्लॉट दिल्ली सरकार ने एक्वायर किए, लेकिन कहीं भी काम शुरू नहीं हुआ। 2016-17 से लेकर 2021-22 तक इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट में जितने पैसे मिले, उनमें से 2, 623 करोड़ रुपए खर्च ही नहीं हो पाया, जो बाद में लैप्स हो गए। कोरोना के दौरान अरविंद केजरीवाल को केंद्र सरकार से 635 करोड़ रुपये मिले, उनमें से ये 360 करोड़ रुपये खर्च नहीं कर पाए, जबकि उस समय दिल्ली में लोग ऑक्सीजन और बेड के लिए तरस रहे थे। आप ने चार अलग-अलग बजट में कहा कि हम दिल्ली में 32 हजार बेड के अस्पताल बनाएंगे, लेकिन सिर्फ 1, 235 बेड के अस्पताल बनाए। इन्हीं आंकड़ों के चलते केजरीवाल नहीं चाहते हैं कि सीएजी की रिपोर्ट दिल्ली की जनता के सामने आए। अजय माकन ने आगे कहा कि दिल्ली में बेरोजगारी है, लेकिन यहां हेल्थ सेक्टर में 8, 194 पद खाली हैं। डिपार्टमेंट ऑफ हेल्थ एंड फैमिली वेलफेयर में 3, 268; डीजीएचएस में 1532; स्टेट हेल्थ मिशन में 1036; ड्रग कंट्रोल डिपार्टमेंट में 75; एमएएमसी में 503; लोकनायक अस्पताल में 581; राजीव गांधी सुपर स्पेशलिटी में 580; जनकपुरी में 298 और चाचा नेहरू बाल चिकित्सालय में 322 पद खाली हैं। यहां 21 प्रतिशत नर्सिंग स्टाफ, 30 प्रतिशत पैरामेडिकल स्टाफ और 30 प्रतिशत स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की कमी है। केजरीवाल ने दिल्ली को ऐसा चिकित्सा मॉडल दिया है। कांग्रेस नेता ने कहा कि राजीव गांधी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल का हाल ये है कि यहां 6 मॉड्यूलर, सेमी मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर, स्टोन सेंटर, ट्रांसप्लांट आईसीयू, 77 प्राइवेट-स्पेशल रूम, 16 आईसीयू बेड, 154 जनरल बेड ऑपरेशनल नहीं हैं। रेजिडेंट डॉक्टर फंक्शनल नहीं हैं। जनकपुरी सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल में 7 ऑपरेशन थिएटर, किचन, ब्लड बैंक, इमरजेंसी, मेडिकल गैस पाइपलाइन, 10 सीसीयू बेड, 200 जनरल बेड काम ही नहीं कर रहे। यहां बेड ऑक्यूपेंसी रेट 20-40 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि चाचा नेहरू बाल चिकित्सालय बच्चों का सबसे बड़ा अस्पताल है, जहां बच्चों की सर्जरी का वेटिंग टाइम 12 महीने का है। यहां के ऑपरेशन थिएटर में 10 जरूरी उपकरण काम ही नहीं करते हैं। चाचा नेहरू बाल चिकित्सालय में प्रति दिन एक्स-रे की क्षमता 330 है, जबकि केवल 109 एक्स-रे हो रहे। अल्ट्रासाउंड की क्षमता 35 की है, जबकि 7 हो रहे हैं। सिटी-स्कैन की क्षमता 12 है, लेकिन सिर्फ 3 हो रहे। ऐसा ही हाल दिल्ली के सुपर स्पेशियलिटी अस्पतालों का है। दिल्ली के कई अस्पतालों में आईसीयू, ब्लड बैंक, ऑक्सीजन, एंबुलेंस, मॉर्चरी सर्विस नहीं है। कैट एंबुलेंस में जरूरी उपकरण, जैसे- कार्डिएक मॉनिटर, ट्रांसपोर्ट वेंटीलेटर, ग्लूकोमीटर, व्हीलचेयर, बीपी ऑपरेटर, स्टेथोस्कोप, पोर्टेबल ऑक्सीजन, डिलीवरी किट नहीं हैं। ये अरविंद केजरीवाल का हेल्थ मॉडल है, जिसे सीएजी ने उजागर किया है।

केजरीवाल ने प्रवेश वर्मा पर निशाना साधा, कहा - 'छोटा सा लड़का, पंजाबियों को चुनौती दे रहा है'

नई दिल्ली । आम आदमी पार्टी (आप) प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता एवं नई दिल्ली विधानसभा सीट से उनके प्रतिद्वंद्वी प्रवेश वर्मा पर निशाना साधते हुए बुधवार को कहा कि ''छोटा सा लड़का (प्रवेश वर्मा) अब पंजाबियों को चुनौती देने चला है।''एक संवाददाता सम्मेलन में केजरीवाल ने कहा कि वर्मा और गृह मंत्री अमित शाह को पंजाबियों का ''अपमान'' करने के लिए माफी मांगनी चाहिए। वर्मा ने मंगलवार को केजरीवाल पर नई दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र में प्रचार करने के लिए 'आप' शासित पंजाब के आधिकारिक तंत्र और संसाधनों का ''दुरुपयोग'' करने का आरोप लगाया। उन्होंने निर्वाचन आयोग और दिल्ली पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। वर्मा ने कहा था, ''पंजाब में पंजीकृत हजारों गाड़ियां यहां घूम रही हैं। उन गाड़ियों में कौन हैं? यहां 26 जनवरी (गणतंत्र दिवस) की तैयारियां की जा रही हैं। क्या वे यहां कुछ बड़ा करने जा रहे हैं जिससे हमारी सुरक्षा व्यवस्था खतरे में पड़ सकती है।'' केजरीवाल ने बुधवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में इस मुद्दे को उठाया और दावा किया कि ''वर्मा ने कहा है कि पंजाब की गाड़ियां दिल्ली में देखी जा रही हैं और कोई नहीं जानता कि अंदर कौन बैठा हैज और यह 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस से पहले एक खतरा है।'' केजरीवाल ने सवाल उठाते हुए कहा, ''तो क्या सभी पंजाबी आतंकवादी, देशद्रोही और देश के लिए खतरा हैं?'' उन्होंने कहा, ''यह छोटा सा लड़का (प्रवेश वर्मा) अब दिल्ली और पंजाब के पंजाबियों को चुनौती देने चला है।'' केजरीवाल ने इस बात पर बल दिया कि दिल्ली आज जो कुछ भी है, उसमें उस समुदाय का महत्वपूर्ण योगदान है।

केजरीवाल ने कहा कि वर्मा के बयान पर गृह मंत्री अमित शाह को देश और पंजाबियों से माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि दिल्ली के पंजाबियों के पूर्वजों ने देश के लिए कुर्बानियां दीं और पाकिस्तान से आए लाखों शरणार्थियों को अनगिनत यातनाएं सहनी पड़ीं।

राष्ट्रीय जागृति संस्थान ने दिल्ली मे किया भव्य कार्यक्रम का आयोजन

नई दिल्ली । नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जी की जयंती, जो देश में पराक्रम दिवस के रूप में मनाई जाती है, के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय जागृति संस्थान एवं इंडिया इस्लामिक कल्चरल सेंटर ने संयुक्त रूप से इंडिया इस्लामिक कल्चरल सेंटर के सभागार में एक भव्य नाटक का मंचन किया।

यह नाटक राष्ट्रपुत्र नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के जीवन पर आधारित था। इस आयोजन के मुख्य अतिथि सलमान खुर्शीद थे, जो एक प्रसिद्ध राजनीतिज्ञ, अधिवक्ता, लेखक तथा इंडिया इस्लामिक कल्चरल सेंटर के अध्यक्ष हैं। मुख्य अतिथि एवं उपस्थित जनसमूह, जिनमें अधिकतर युवा थे, ने नाटक की बहुत सराहना की। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में युवा कलाकारों की सराहना करते हुए राष्ट्रीय जागृति संस्थान के महासचिव अभय कश्यप, जो इस नाटक के लेखक भी हैं, को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि यह मंचन अत्यंत प्रभावशाली है और इससे देश की युवा पीढ़ी को अपने जननायकों को समझने का एक अनूठा अवसर मिलेगा। उन्होंने सुझाव दिया कि इस नाटक को देशभर में प्रदर्शित किया जाना चाहिए ताकि युवाओं को अपने राष्ट्र के नायकों के जीवन और उनके योगदान को गहराई से समझने का अवसर मिल सके। राष्ट्रीय जागृति संस्थान ने युवा पीढ़ी को राष्ट्रपुत्र नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की गौरवशाली विरासत से परिचित कराने का संकल्प लिया है। संस्थान ने देश के अन्य महान नायकों, जैसे आचार्य नरेंद्र देव और पुष्यमित्र शुंग, के जीवन पर आधारित नाटकों की एक श्रृंखला तैयार करने का भी निर्णय लिया है। इस पहल के माध्यम से संस्थान देश के युवाओं को उनके प्रेरणादायक इतिहास से जोड़ने का प्रयास कर रहा है।

गणतंत्र दिवस परेड रिहर्सल के दौरान बृहस्पतिवार को यातायात के प्रभावित होने की संभावना - पुलिस

नई दिल्ली । दिल्ली पुलिस ने यातायात परामर्श जारी कर लोगों को आगाह करते हुए कहा है कि गणतंत्र दिवस परेड के फुल ड्रेस रिहर्सल के कारण बृहस्पतिवार को शहर के मध्य भाग में वाहनों की आवाजाही प्रभावित हो सकती है। दिल्ली पुलिस ने लोगों से अपनी यात्रा योजना उसी के अनुसार बनाने के लिये कहा है। परामर्श में कहा गया है कि बृहस्पतिवार को आयोजित फुल ड्रेस रिहर्सल और गणतंत्र दिवस परेड का मार्ग एक ही होगा। परेड रिहर्सल सुबह 10.30 बजे विजय चौक से शुरू होगी और कर्तव्यपथ, सी-हेक्सागन, नेताजी सुभाष चंद्र बोस गोल चक्कर, तिलक मार्ग, बहादुर शाह जफर मार्ग और नेताजी सुभाष मार्ग से होते हुए लाल किला पहुंचेगी। इसमें कहा गया है कि परेड के सुचारू संचालन के लिए मार्ग पर विस्तृत यातायात प्रतिबंधों को लागू किया जायेगा। परामर्श में कहा गया है कि परेड के मार्ग की ओर जाने वाली कुछ सड़कों पर वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित रहेगी। इसमें कहा गया है कि बुधवार शाम छह बजे से बृहस्पतिवार को रिहर्सल खत्म होने तक विजय चौक से इंडिया गेट तक कर्तव्य पथ पर किसी भी तरह के यातायात की अनुमति नहीं होगी। परामर्श में कहा गया है कि बृहस्पतिवार सुबह 9.15 बजे से परेड के तिलक मार्ग को पार करने तक सी-हेक्सागन -इंडिया गेट यातायात के लिए बंद रहेगा। बृहस्पतिवार सुबह 10.30 बजे से तिलक मार्ग, बहादुर शाह जफर मार्ग और नेताजी सुभाष मार्ग पर दोनों तरफ से यातायात की अनुमति नहीं होगी। इसमें कहा गया है कि लोगों से अनुरोध है कि वे अपनी यात्रा योजना यातायात प्रतिबंधों के अनुसार बनाएं और सुबह 9.30 बजे से दोपहर एक बजे तक परेड मार्ग से बचें। ड्रेस रिहर्सल के दौरान सभी मेट्रो स्टेशनों पर यात्रियों के लिए ट्रेन सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। हालांकि, उत्तरी दिल्ली से नई दिल्ली रेलवे स्टेशन या पुरानी दिल्ली की ओर जाने वाले लोगों के लिए कोई प्रतिबंध नहीं होगा, लेकिन उन्हें सलाह दी गई है कि वे संभावित देरी से बचने के लिए अपने गंतव्य तक पहुंचने की खातिर अतिरिक्त समय ले कर चलें। इसमें कहा गया है कि सिटी बसों की आवाजाही भी प्रभावित होगी और उनकी सेवाएं पार्क स्ट्रीट/उद्यान मार्ग, आराम बाग रोड (पहाड़गंज), कमला मार्केट गोल चक्कर, दिल्ली सचिवालय (आईजी स्टेडियम), प्रगति मैदान (भैरों रोड), हनुमान मंदिर (यमुना बाजार), मोरी गेट, आईएसबीटी-कश्मीरी गेट, आईएसबीटी-सराय काले खां और तीस हजारी अदालत आदि पर समाप्त हो जाएंगी। गाजियाबाद से शिवाजी स्टेडियम तक जाने वाली बसें राष्ट्रीय राजमार्ग-24, रिंग रोड से होकर भैरों रोड पर समाप्त होंगी। परामर्श में कहा गया है कि राष्ट्रीय राजमार्ग-24 से आने वाली बसें रोड नंबर 56 पर दाहिनी ओर मुड़ेंगी और आईएसबीटी-आनंद विहार पर समाप्त होंगी। गाजियाबाद की ओर से आने वाली बसों को मोहन नगर से भोपरा चुंगी की ओर वजीराबाद ब्रिज के लिए मोड़ दिया जाएगा। इसमें कहा गया है कि आवश्यक सेवाओं को छोड़कर किसी भी भारी, मध्यम या हल्के माल ढुलाई एवं परिवहन वाहनों को बुधवार रात नौ बजे से परेड खत्म होने तक दिल्ली की सीमा में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। परामर्श में लोगों से कहा गया है कि किसी भी संदिग्ध वस्तु या व्यक्ति के दिखने पर वे ड्यूटी पर तैनात नजदीकी पुलिसकर्मी को सूचना दें।

स्ट्रोक के इलाज में समय पर सर्जरी बेहद ज़रूरी

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। आज के समय में स्ट्रोक दुनिया भर में मृत्यु और अपंगता का प्रमुख कारण बन चुका है। भारत में भी स्ट्रोक की घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं, खासकर हाई ब्लड प्रेशर, डायबिटीज और बैठे वाली जीवनशैली के कारण। स्ट्रोक के दौरान हर सेकंड कीमती होता है, और समय पर चिकित्सा सहायता से न केवल मरीज़ की जान बचाई जा सकती है, बल्कि उसकी ठीक होने की संभावना भी बढ़ाई जा सकती है। कभी-कभी स्ट्रोक के इलाज में दवाओं के साथ-साथ सर्जरी की भी आवश्यकता होती है, जो मरीज़ को तेजी से ठीक करने और उसकी सामान्य जीवनशैली को बहाल करने में मदद करती है। डॉ. सुमित गोयल, ग्रुप डायरेक्टर न्यूरोइंटरवेंशनिस्ट और न्यूरोसर्जन, यथार्थ हॉस्पिटल, ग्रेटर नोएडा, ने बताया, स्ट्रोक का सही समय पर इलाज मरीज़ की जान बचाने के लिए सबसे अहम कदम है। सर्जरी के जरिए ब्लड क्लॉट को हटाना या ब्रेन प्रेशर को कम करना जैसे उपाय मरीज़ को बेहतर जीवन देने में मदद करते हैं। समय पर सही कदम उठाने से स्ट्रोक के असर को काफी हद तक रोका जा सकता है। स्ट्रोक के इलाज में न्यूरोसर्जरी का योगदान महत्वपूर्ण है। उदाहरण स्वरूप, इस्केमिक स्ट्रोक, जिसमें मस्तिष्क तक रक्त आपूर्ति रुक जाती है, में थ्रोम्बेक्टॉमी जैसी सर्जरी के जरिए ब्लड क्लॉट को हटाया जाता है। यह प्रक्रिया स्ट्रोक के लक्षण दिखने के कुछ घंटों के भीतर करनी होती है ताकि मस्तिष्क तक रक्त आपूर्ति फिर से शुरू हो सके। दूसरी ओर, हैमरेजिक स्ट्रोक में मस्तिष्क में खून जमा हो जाता है, जिसे हटाने के लिए सर्जरी की जाती है। इससे मस्तिष्क पर दबाव कम होता है और आगे की चोटों को रोका जा सकता है। एनेरिज़्म कॉइलिंग जैसी मिनिमली इनवेसिव प्रक्रियाएं भी मस्तिष्क की कमजोर रक्त नलियों को स्थिर करने और उनके फटने के खतरे को कम करने में मदद करती हैं। स्ट्रोक के बाद मरीज़ की देखभाल और रिहैबिलिटेशन भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। सर्जरी के बाद मरीज़ को विशेष देखभाल की आवश्यकता होती है, जिसमें मस्तिष्क के कार्य पर निगरानी, ऑक्सीजन स्तर बनाए रखना और उचित पोषण शामिल है। इसके अलावा, फिजियोथेरेपी, स्पीच थेरेपी और अन्य उपचार मरीज़ की खोई हुई क्षमताओं को पुनः प्राप्त करने और उसकी दैनिक गतिविधियों को सामान्य बनाने में मदद करते हैं। स्ट्रोक से बचाव ही इसका सबसे अच्छा इलाज है। हेल्दी डाइट, नियमित व्यायाम, ब्लड प्रेशर का नियंत्रण और धूम्रपान से बचना स्ट्रोक के खतरे को कम कर सकते हैं। नियमित स्वास्थ्य चेकअप और समय रहते उच्च कोलेस्ट्रॉल या अनियमित हृदय धड़कन जैसी समस्याओं का निदान करना भी स्ट्रोक को रोकने में मदद करता है। स्ट्रोक एक मेडिकल इमरजेंसी है, जिसमें त्वरित उपचार की आवश्यकता होती है। न्यूरोसर्जरी और उन्नत चिकित्सा तकनीकों के माध्यम से अब स्ट्रोक के मरीज़ों के बचने और ठीक होने की संभावना बहुत बढ़ गई है। सही समय पर उपचार और व्यापक देखभाल अपनाकर मरीज़ों को सामान्य जीवन की ओर वापस लौटाया जा सकता है।

राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह की पहली वर्षगांठ, दूर-दूराज से पहुंच रहे श्रद्धालु

अयोध्या। उत्तर प्रदेश के अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह की अंग्रेजी कैलेंडर के अनुसार आज पहली वर्षगांठ है। यहां पर दूर-दराज से लोग पहुंच रहे हैं। खराब मौसम के बावजूद यहां पर आने वाले राम भक्त काफी उत्साहित नजर आ रहे हैं। अंग्रेजी तिथि के अनुसार आज रामलला के विराजमान होने के एक साल पूरे हो गए हैं। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने हिंदू संवत्सर हिंदी तिथि के अनुसार द्वादशी तिथि पर 11 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा द्वादशी महोत्सव आयोजित किया था। वहीं, अंग्रेजी तिथि के अनुसार 22 जनवरी 2024 को राम मंदिर में रामलला विराजमान हुए थे। राम मंदिर आने वाले एक श्रद्धालु ने बताया, आज मेरी शादी की सालगिरह है, इस मौके पर रामलला के दर्शन करने आए हैं। मंदिर परिसर और आस-पास बहुत ही धार्मिक और भक्तिमय वातावरण है। प्रशासन ने लोगों के लिए बहुत अच्छी व्यवस्था की है। मेरी सभी से अपील है कि वे यहां पर आकर दर्शन करें और सभी व्यवस्थाओं का लाभ उठाएं। नासिक से आए श्रद्धालु ने कहा, उनका परिवार तीर्थराज प्रयागराज के महाकुंभ से अयोध्या में रामलला के दर्शन करने आया है। अयोध्या में 500 साल का संघर्ष खत्म हुआ है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अथक प्रयास से मंदिर में रामलला विराजमान हुए। मंदिर बनाने में जितने संगठनों ने कार्य किया है, उनमें चाहे बजरंग दल, विश्व हिंदू परिषद या आरएसएस हो, इन सबने मिलकर करोड़ों लोगों के सपने को साकार किया। अयोध्या में रामलला के दर्शन करने के लिए आए थे, वातावरण देखकर मन में सिर्फ एक ही बात निकलती है, वो है जय श्री राम। उन्होंने सीएम योगी और पीएम मोदी को भगवान का अवतार बताते हुए कहा कि उन्होंने बिना मंदिर बनना असंभव था। भगवान ऐसे सनातनियों को भेजते रहें। एक महिला श्रद्धालु ने कहा, अयोध्या आकर बहुत प्रसन्नता हुई। यहां पर पूरा वातावरण राममय है, जिसका हम अनुभव ले रहे हैं। सभी खुशी से भगवान का दर्शन कर रहे हैं। मंदिर बनने का पूरा श्रेय सीएम योगी और पीएम मोदी को जाता है।

संक्षिप्त समाचार

नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 20 साल की कैद

जयपुर। राजस्थान के जालौर जिले की एक अदालत ने पांच महीने पहले एक नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में आरोपी को दोषी मानते हुए उसे 20 साल की कैद और 50 हजार रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है। विशेष लोक अभियोजक रणजीत सिंह राजपुरोहित ने बताया कि मामले की सुनवाई कर रही पोक्सो अदालत ने यह फैसला सुनाया है। अदालत के मुख्य न्यायाधीश भूपेंद्र कुमार सनाढ्य ने आरोपी भगाराम उर्फ भगवत कुमार को 20 साल की कैद और जुर्माने की सजा सुनाई है। उन्होंने बताया कि आरोपी युवक घर से सब्जी खरीदने गई 15 वर्षीय नाबालिग को बहला-फुसलाकर होटल में ले गया और वहां उसके साथ दुष्कर्म किया। उन्होंने बताया कि पीड़िता के पिता ने 10 अगस्त 2024 को बागरा थाने में रिपोर्ट दी थी। पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की और आरोप पत्र दाखिल किया गया।

सेना के जवानों ने पुंछ में नियंत्रण रेखा के पास पाकिस्तानी ड्रोन पर गोलीबारी की

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में सेना के जवानों ने मंगलवार आधी रात के बाद नियंत्रण रेखा (एलओसी) पार करके भारतीय सीमा में पहुंचे एक पाकिस्तानी ड्रोन पर गोलीबारी की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। हालांकि, उन्होंने बताया कि ड्रोन मेंढर सेक्टर में सीमा बाड़ के पास एक इलाके में कुछ देर हवा में चक्कर लगाने के बाद वापस पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में लौट गया। सैनिकों ने रात करीब एक बजे ड्रोन की गतिविधियां देखीं और करीब 12 गोलियां चलाईं। अधिकारियों ने बताया कि बुधवार को सुबह होते ही तलाशी अभियान शुरू कर दिया गया ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि ड्रोन से कोई हथियार या मादक पदार्थ तो नहीं गिराए गए हैं। अंतिम रिपोर्ट मिलने तक तलाश अभियान जारी है।

ट्रक के घाटी में गिरने से आठ लोगों की मौत, 10 घायल

येल्लापुर (कर्नाटक)। कर्नाटक में बुधवार सुबह एक ट्रक के 50 मीटर गहरी घाटी में गिर जाने से कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उत्तर कन्नड़ के पुलिस अधीक्षक (एसपी) एम. नारायण ने बताया कि सभी पीड़ित फल विक्रेता थे और सावनूर से येल्लापुरा मेले में फल बेचने के लिए जा रहे थे। सावनूर-हुबली मार्ग पर जंगली क्षेत्र से गुजरने के दौरान यह दुर्घटना हुई। नारायण ने बताया, ''सुबह करीब साढ़े पांच बजे ट्रक चालक ने दूसरे वाहन को जगह देने के प्रयास में ट्रक को बायीं ओर मोड़ा था, लेकिन वाहन ज्यादा मुड़ने के कारण करीब 50 मीटर गहरी घाटी में जा गिरा।'' उन्होंने कहा कि सड़क पर घाटी की ओर कोई सुरक्षा दीवार नहीं है। अधिकारी ने बताया, ''आठ लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और दो गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को हुबली के कर्नाटक मेडिकल कॉलेज एवं अनुसंधान संस्थान (केआईएमएस) अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है।''

मुंबई में गोलीबारी, कई घायल

मुंबई। मुंबई के पालघर जिले के नायगांव में बुधवार को फायरिंग की घटना सामने आई। फायरिंग में कई लोग घायल हुए हैं। घायलों को मुंबई-अहमदाबाद हाईवे पर स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मुंबई पुलिस के अनुसार, फायरिंग में दो लोगों को गोली लगी है। हालांकि, घायलों की संख्या बढ़ सकती है। इस मामले में अभी डॉक्टर की रिपोर्ट आना बाकी है। पुलिस ने बताया कि जिन दो लोगों को गोली लगने की पुष्टि हुई है, उनका अस्पताल में इलाज चल रहा है और बाकी घायलों की चोट की जांच की जा रही है। उन्हें चोट लगने की वजह अब तक स्पष्ट नहीं हो पाई है। इस संबंध में अस्पताल से जानकारी मांगी गई है। इसके साथ ही पुलिस यह भी पता लगा रही है कि किन कारणों से फायरिंग हुई और जिस हथियार से गोली चलाई गई, क्या वह लाइसेंसी था या फिर अवैध हथियार था। फिलहाल इस मामले में अधिक जानकारी की प्रतीक्षा है।

गणतंत्र दिवस से पहले कश्मीर घाटी में सुरक्षा बढ़ायी गयी

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर में गणतंत्र दिवस से पहले सुरक्षा बढ़ा दी गई है ताकि समारोह सुचारू और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो सकें। इसके साथ ही पुलिस और अन्य सुरक्षाकर्मी 'एरिया डोमिनेशन' अभियान चला रहे हैं। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। 'एरिया डोमिनेशन' के तहत पुलिस तथा सुरक्षा बल के जवान क्षेत्र में अपनी मौजूदगी दर्ज कराने के लिए मार्च करते हैं। कश्मीर में गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह यहां बख्शी स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा और स्टेडियम के उत्तर और दक्षिण दोनों तरफ के द्वारों पर सुरक्षा अवरोधक लगाए गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि शहर और अन्य जिला मुख्यालयों में पुलिस और अर्धसैनिक बलों के जवानों को तैनात किया गया है, वहीं श्रीनगर में विभिन्न स्थानों पर चौकियां स्थापित की गई हैं। उन्होंने बताया कि सुरक्षा बल असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए वाहनों की जांच और लोगों की तलाशी ले रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि घाटी में गणतंत्र दिवस समारोहों के आयोजन स्थलों के आसपास सुरक्षा बढ़ा दी गई है और बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है। कश्मीर जोन के पुलिस महानिरीक्षक वी के बिरदी ने कहा, ''26 जनवरी के लिए सुरक्षा तैयारियां जोरों पर हैं। बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की जाएगी ताकि लोग समारोह और परेड का लुत्फ उठा सकें।'' संभागीय आयुक्त (कश्मीर) वी के बिधूड़ी ने कहा कि इस साल के समारोहों के लिए व्यवस्था पिछले वर्षों की तुलना में बेहतर होगी। बिधूड़ी ने बताया कि पिछले साल गणतंत्र दिवस समारोहों में लोगों की उत्साहपूर्ण भागीदारी को देखते हुए प्रशासन ने कार्यक्रम स्थल पर 'एलईडी स्क्रीन' लगाने का फैसला किया है। उन्होंने बताया कि पिछले साल की तरह इस बार भी समारोह में प्रवेश निःशुल्क रहेगा।

हरियाणा और पंजाब में कई स्थानों पर न्यूनतम तापमान सामान्य के आसपास

चंडीगढ़। हरियाणा और पंजाब में कई स्थानों पर बुधवार को न्यूनतम तापमान सामान्य स्तर के आसपास रहा। मौसम विभाग के अनुसार, दोनों राज्यों की साझा राजधानी चंडीगढ़ का न्यूनतम तापमान 8.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पंजाब के फरीदकोट और गुरदासपुर में सर्द रात रही, जहां न्यूनतम तापमान क्रमश- 5.2 और 6.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अमृतसर में न्यूनतम तापमान 7.4 डिग्री सेल्सियस और लुधियाना में 10.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हरियाणा में भिवानी का न्यूनतम तापमान 7.9 डिग्री सेल्सियस, हिसार में 8 डिग्री सेल्सियस, रोहतक में 8.2 डिग्री सेल्सियस, गुरुग्राम में 9.4 डिग्री सेल्सियस, फरीदाबाद में 9.5 डिग्री सेल्सियस और अंबाला में न्यूनतम तापमान 11.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

ठाणे में सात मंजिला इमारत से गिर कर मजदूर की मौत

ठाणे। महाराष्ट्र के ठाणे जिले में सात मंजिला इमारत से सौर ऊर्जा पैनल साफ करते वक्त गिर जाने से एक मजदूर की मौत हो गयी। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह घटना सोमवार की शाम को शाहपुर क्षेत्र के वायलेनगर में स्थित इमारत में हुई। खड़कपाड़ा पुलिस थाना के एक अधिकारी ने बताया कि पीड़ित की पहचान यशवंत गवारी (40) के रूप में हुई। वह इमारत के ऊपर लगे सौर ऊर्जा पैनल को साफ करते वक्त फिसला और जमीन पर गिर पड़ा। पुलिस ने कहा कि मजदूर के सहकर्मी उसे पास के अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल भेजा गया है। अधिकारी ने बताया कि खड़कपाड़ा पुलिस ने आकस्मिक मौत का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

अपहृत मात्र चार घंटे में सकुशल बरामद, अपहरण करने वाले तीन अभियुक्त घटना में प्रयुक्त गाडी व अवैध असलहा सहित गिरफ्तार

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। शिकारपुर छतारी अवगत कराना हैं कि दिनांक 21/22/01/2025 की रात्रि में डॉयल 112 पर सूचना प्राप्त हुई कि कुछ बदमाशो द्वारा मनोज कुमार पुत्र राजवीर सिंह निवासी मौ. जैन चौक कस्बा व थाना छतारी जनपद बुलन्दशहर का अपहरण कर लिया गया है इस सूचना पर छतारी पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए अपहृत को मात्र चार घंटे में सकुशल बरामद कर लिया गया तथा घटना में संलिप्त तीन अभियुक्तों को घटना में प्रयुक्त गाडी व अवैध असलहा सहित गिरफ्तार किया गया एक अभियुक्त अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया जिसकी गिरफ्तारी हेतु लगातार प्रयास किये जा रहे है शीघ्र ही अभियुक्त की गिरफ्तारी सुनिश्चित की जायेगी अभियुक्तों की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना छतारी पर मु०अ०स०-21/25 धारा 115(2), 352, 140(1) बी०एन०एस पंजीकृत करते हुए अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा मे भेजा जा रहा है गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम पता पिन्टू उर्फ अवनीश कुमार पुत्र देवेन्द्र सिंह निवासी ग्राम टुण्डाखेडा थाना छतारी जनपद बुलन्दशहर, सुगड़पाल उर्फ घासी पुत्र दामोदर निवासी उपरोक्त, प्रशान्त कुमार पुत्र रामलक्ष्मण सिंह निवासी ग्राम सरभन्ना थाना छतारी जनपद बुलन्दशहर, बरामदगी एक होंडा सिटी गाडी नं०-इन्नछ३१ष्ठ५३७२ (घटना में प्रयुक्त), एक तमंचा 315 बोर मय एक जिन्दा कारतूस, एक चाकू नाजायज, अभियुक्त पिन्टू उर्फ अवनीश का आपराधिक इतिहास मु०अ०सं-314/23 धारा 323,506,507 भादवि थाना छतारी बुलन्दशहर, मु०अ०सं-361/23 धारा 323,324,504,506 भादवि थाना छतारी बुलन्दशहर, मु०अ०सं-327/24 धारा 115(2), 191(1),191(3-),296,351(2),352,79बीएनएस थाना छतारी बुलन्दशहर, गिरफ्तार करने वाली टीम सन्दीप कुमार थाना प्रभारी छतारी, एस आई तारा सिंह, एस आई हरपाल सिंह, एस आई उदयवीर सिंह, एस आई शैतान सिंह, एस आई विशाल प्रताप सिंह, एस आई यशपाल सिंह, एस आई राजीव उपाध्याय, एस आई शीलेन्द्र प्रताप सिंह, एस आई कमल प्रताप, संजय शर्मा, अरूण कुमार, धीरज त्यागी, दिनेश कुमार, लोकेश कुमार, ।

फिजी के प्रधानमंत्री ने पीएम मोदी को बताया दुनिया का बॉस

नई दिल्ली। फिजी गणराज्य के प्रधानमंत्री सितिवेनी लिगामामाडा राबुका ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दुनिया का बॉस करार दिया। फिजी में राज्यसभा सांसद और इंडियन माइनॉरिटी फेडरेशन (आईएमएफ) के कन्वीनर सतनाम सिंह संधू और आईएमएफ के संस्थापक प्रोफेसर हिमानी सूद के साथ बैठक में राबुका ने कहा कि पीएम मोदी दुनिया के बॉस%हैं। फिजी के प्रधानमंत्री ने सभी का विकास और समृद्धि सुनिश्चित करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी के %सबका साथ सबका विकास% के मंत्र की प्रशंसा करते हुए कहा, मेरा मानना है कि सबका साथ सबका विकास एक बेहतरीन शासन मॉडल है जिसका प्रधानमंत्री मोदी पालन कर रहे हैं, जो यह सुनिश्चित करता है कि सभी एक साथ आगे बढ़ें और समृद्ध हों। मेरी राय में, दुनिया को एक बेहतर जगह बनाने के लिए इसे वैश्विक स्तर पर लागू किया जाना चाहिए। फिजी के प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि, मेरे मित्र (पीएम मोदी) हमारी मुलाकात (2023 में) के बाद फिर से (पीएम के रूप में) चुने गए हैं, इसलिए मैं यह सुनिश्चित करना चाहूंगा कि उन्हें यह संदेश मिले कि फिजी अभी भी यहां है। हम अभी भी शांति की अपनी यात्रा के लिए प्रतिबद्ध हैं, जिस पर वे लंबे समय से चल रहे हैं। हमारी प्रगति और विकास में एकता के विचार सभी विश्व नेताओं के लिए महान आदर्श हैं। फिजी के प्रधानमंत्री ने कहा कि पीएम मोदी पूरी दुनिया में शांति और हिंदुओं के प्रतीक बन गए हैं। भारत के लोग उन पर विश्वास करते हैं। भारत में लोगों का विश्वास साथ होना एक बड़ी बात है। मैं इसके लिए उन्हें बधाई देता हूं। समय के साथ, दुनिया भर में हिंदुओं की एकता आखिरकार सभी लोगों की एकता में तब्दील होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मई 2023 में फिजी की अपनी यात्रा के दौरान पोर्ट मोरेस्बी में राबुका से मुलाकात की थी। फिजी के राष्ट्रपति रातू विलियम मैवलिली काटोनिवेरे की ओर से प्रधानमंत्री राबुका ने प्रधानमंत्री मोदी को फिजी गणराज्य के सर्वोच्च सम्मान कंपेनियन ऑफ द ऑर्डर ऑफ फिजी (सीएफ) से सम्मानित किया था।

यह पहली बार नहीं है कि किसी विश्व नेता ने भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की प्रशंसा की है। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीस ने उन्हें (मोदी) बॉस कहकर संबोधित किया था। अमेरिका के राष्ट्रपति ने पीएम मोदी को शानदार और विश्व स्तर पर शक्तिशाली नेता बताया था और उनका ऑटोग्राफ लेने की इच्छा जताई थी। इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने पीएम मोदी को दुनियाभर में सबसे ज्यादा पसंद किया जाने वाला व्यक्ति बताया था। डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सन ने कहा था कि पीएम मोदी दुनिया के लिए प्रेरणा हैं और गुयाना के राष्ट्रपति ने कहा था कि वे उनके आभारी हैं।

जयशंकर ने रुबियो के साथ लिया क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक में हिस्सा, सहयोग बढ़ाने पर बनी सहमति

नई दिल्ली। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और उनके प्रशासन के शपथ ग्रहण के एक दिन बाद वाशिंगटन में क्वाड विदेश मंत्रियों की सार्थक बैठक में भाग लिया, जिसमें एजेंडा को मजबूत बनाने और सहयोग बढ़ाने पर सहमति बनी। नये अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो, ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री पेनी वोंग, जापानी विदेश मंत्री ताकेशी इवाया तथा डॉ. जयशंकर के बीच मंगलवार को क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक हुई। चार देशों की ओर से जारी एक संयुक्त बयान में कहा गया है कि वे आने वाले महीनों में क्वाड के काम को आगे बढ़ाने के लिए तत्पर हैं और भारत द्वारा आयोजित अगले क्वाड लीडर्स समिट की तैयारी के लिए नियमित आधार पर एक साथ मिलेंगे। डॉ. जयशंकर ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि ट्रम्प प्रशासन के शपथ ग्रहण के एक दिन बाद क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक आयोजित की गयी, जो चार सदस्य देशों की विदेश नीति में क्वाड की प्राथमिकता को दर्शाता है। उन्होंने कहा, आज वाशिंगटन डीसी में क्वाड विदेश मंत्रियों की एक सार्थक बैठक में भाग लिया। हमारी मेजबानी करने के लिए मार्को रुबियो और बैठक में भागीदारी के लिए पेनी वोंग तथा ताकेशी इवाया को धन्यवाद। यह महत्वपूर्ण है कि क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक ट्रम्प प्रशासन के उद्घाटन के कुछ घंटों के भीतर हुई। यह अपने सदस्य देशों की विदेश नीति में इसकी प्राथमिकता को रेखांकित करता है। विदेश मंत्री ने कहा, हमारी व्यापक चर्चाओं ने एक स्वतंत्र, खुले, स्थिर और समृद्ध हिंद-प्रशांत सुनिश्चित करने के विभिन्न आयामों को संबोधित किया। बड़ी सोच की महत्ता, एजेंडे को मजबूत बनाने और हमारे सहयोग को बढ़ाने पर सहमत बनी। आज की बैठक एक स्पष्ट संदेश देती है कि क्वाड अनिश्चित और अस्थिर दुनिया में वैश्विक भलाई के लिए एक ताकत बना रहेगा। चारों सदस्यों द्वारा संयुक्त वक्तव्य में कहा गया, हम, अमेरिका के विदेश मंत्री तथा ऑस्ट्रेलिया, भारत और जापान के विदेश मंत्री, आज वाशिंगटन डी.सी. में एक स्वतंत्र और खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र को मजबूत करने के लिए अपनी साझा प्रतिबद्धता की पुष्टि करने के लिए मिले, जहां कानून का शासन, लोकतांत्रिक मूल्य, संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता को बरकरार रखा जाता है और उसकी रक्षा की जाती है। हमारे चार राष्ट्र इस बात पर दृढ़ हैं कि समुद्री क्षेत्र सहित सभी क्षेत्रों में अंतरराष्ट्रीय कानून, आर्थिक अवसर, शांति, स्थिरता और सुरक्षा हिंद-प्रशांत के लोगों के विकास और समृद्धि का आधार हैं। हम किसी भी ऐसी एकतरफा कार्रवाई का कड़ा विरोध करते हैं जो बलपूर्वक यथास्थिति को बदलने की कोशिश करती है। वक्तव्य में कहा गया, हम बढ़ते खतरों के सामने क्षेत्रीय समुद्री, आर्थिक और प्रौद्योगिकी सुरक्षा को मजबूत करने के साथ-साथ विश्वसनीय और लचीली आपूर्ति श्रृंखलाओं को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम आने वाले महीनों में क्वाड के काम को आगे बढ़ाने के लिए तत्पर हैं और भारत द्वारा आयोजित अगले क्वाड लीडर्स समिट की तैयारी के लिए नियमित रूप से एक साथ मिलेंगे।

'बेटी बचाओ' के नाम पर बेटियों के साथ हो रहा है छल- खरगे

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार का %बेटी बचाओ नारा% देश की बेटियों के साथ छलावा है और इसके तहत बेटियों की सुरक्षा के लिए केंद्र से आवंटित धनराशि का प्रचार प्रसार में इस्तेमाल किया जा रहा है। खरगे ने कहा कि 'बेटी बचाओ नारा' के लिए जो राशि केंद्र सरकार से आवंटित हुई है, उसका 80 फ़ीसदी विज्ञापनों पर खर्च किया गया और जब संसदीय समिति ने इसको पकड़ा तथा इस असलियत का खुलासा करते हुए इस पर सवाल उठाए तो आनन फानन में दूसरी मदों से पैसा समाहित कर बेटी बचाओ कार्यक्रम पर लीपा पोती करने का प्रयास किया गया। उन्होंने कहा, बेटी बचाओ के दस साल, मोदी जी से हमारे तीन सवाल —बेटी बचाओ की जगह अपराधी बचाओ की नीति भाजपा ने क्यों अपनाई। मणिपुर की महिलाओं को न्याय कब मिलेगा। हाथरस की दलित बेटी हो या उन्नाव की बेटी, या फिर हमारी चैंपियन महिला पहलवान, भाजपा ने हमेशा अपराधियों को संरक्षण क्यों दिया। दूसरा, क्यों देश में हर घंटे महिलाओं के खिलाफ 43 अपराध रिकॉर्ड होते हैं। हर दिन 22 अपराध ऐसे हैं जो हमारे देश के सबसे कमज़ोर दलित-आदिवासी वर्ग की महिलाओं और बच्चों के खिलाफ दर्ज होते हैं। मोदी जी लाल किले के भाषणों में कई बार महिला सुरक्षा पर बोल चुके हैं, पर कथनी और करनी में फ़र्क क्यों। तीसरा, क्या कारण है कि 2019 तक बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के लिए आवंटित कुल धनराशि का क़रीब 80 प्रतिशत केवल मीडिया-विज्ञापन में खर्च हुआ है। उन्होंने कहा, जब संसदीय स्थायी समिति ने ये तथ्य उजागर किया, तब इस योजना में इस्तेमाल किये गए फंड में 2018-19 से 2022-23 तक 63 प्रतिशत की भारी कटौती की गई और बाद में इसको मिशन शक्ति के अंतर्गत संबल नामक स्कीम में मिला कर के, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना पर खर्च किये आँकड़े ही मोदी सरकार ने देने बंद कर दिए। संबल के 2023-24 के आवंटित फंड और उपयोग किये गए फंड में भी 30 प्रतिशत की कटौती हुई है। ये आँकड़ों की हेराफ़ेरी क्या छिपाने के लिए की गई। खरगे ने पूछा, पिछले 11 वर्षों में मोदी सरकार ने महिला एवं बाल विकास मंत्रालय पर खर्च हुआ बजट, पूरे बजट के खर्च की तुलना में आधा क्यों कर दिया। क्या हर ट्रक के पीछे बेटी बचाओ चिपकाने या फ़िर हर दीवार पर ये पेंट करवा देने से महिलाओं के खिलाफ़ अपराध, उनके लिए रोज़गार के अवसर, उनको अच्छी स्वास्थ्य सुविधा या महिलाओं को अत्याचार के बाद न्याय मिलेगा। भाजपा का %बहुत हुआ नारी पर वार% वाला खोखला विज्ञापन, 10 साल बाद उसका घोर दोगलापन दर्शाता है।

केजरीवाल ने मध्यम वर्ग के लिए सात सूत्री 'घोषणापत्र' जारी किया

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को देश के मध्यम वर्ग के लिए सात सूत्री ''घोषणापत्र'' जारी करते हुए कहा कि उन्हें लगातार सरकारों द्वारा नजरअंदाज किया गया है और वे ''कर आतंकवाद'' के शिकार हैं। उन्होंने बुधवार को एक वीडियो संदेश में कहा कि मध्यम वर्ग भारतीय अर्थव्यवस्था की असली महाशक्ति है, लेकिन लंबे समय से इसे नजरअंदाज किया गया है और केवल कर संग्रह के लिए इस्तेमाल किया गया है। केजरीवाल ने मध्यम वर्ग की चिंताओं को दूर करने के उद्देश्य से सात सूत्री चार्टर की घोषणा की। उनकी मांगों में शिक्षा बजट को मौजूदा दो प्रतिशत से बढ़ाकर 10 प्रतिशत करना और निजी स्कूलों की फीस की सीमा तय करना शामिल है। उन्होंने सभी को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के वास्ते उच्च शिक्षा के लिए सब्सिडी और छात्रवृत्ति का भी प्रस्ताव रखा। आप प्रमुख ने स्वास्थ्य सेवा खर्च में वृद्धि की आवश्यकता पर बल दिया और स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम पर कर हटाने के साथ-साथ स्वास्थ्य सेवा खर्च को जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) का 10 प्रतिशत तक बढ़ाने का सुझाव दिया। केजरीवाल ने मध्यम वर्ग पर भारी वित्तीय बोझ का हवाला देते हुए आयकर छूट सीमा को सात लाख रुपये से बढ़ाकर 10 लाख रुपये करने की भी मांग की। उनकी मांगों में एक और मांग आवश्यक वस्तुओं पर माल एवं सेवा कर (जीएसटी) हटाने की थी, जिसके बारे में केजरीवाल ने तर्क दिया कि इससे मध्यम वर्ग के परिवारों पर प्रतिकूल असर पड़ता है। उन्होंने निजी और सरकारी दोनों अस्पतालों में वरिष्ठ नागरिकों के लिए मुफ्त स्वास्थ्य सेवा सहित अधिक मजबूत सेवानिवृत्ति योजनाओं की भी वकालत की। इसके अलावा, उन्होंने केंद्र सरकार से वरिष्ठ नागरिकों के लिए ट्रेन के किराए पर 50 प्रतिशत की छूट को फिर से शुरू करने का आग्रह किया, जिसे हाल के वर्षों में बंद कर दिया गया था। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद से राजनीतिक दलों ने मध्यम वर्ग को ''मानसिक रूप से दास'' बना दिया है। उन्होंने मध्यम वर्ग से जुड़े मुद्दों को राजनीतिक चर्चा का केंद्र बनाने का संकल्प जताते हुए कहा कि आप के सांसद आगामी संसदीय सत्रों में मध्यम वर्ग की आवाज उठाएंगे। यह घोषणा पांच फरवरी को होने वाले दिल्ली विधानसभा चुनावों से कुछ हफ्ते पहले की गई है। विधानसभा चुनाव के नतीजे आठ फरवरी को घोषित किए जाएंगे। आम आदमी पार्टी ने 2020 में दिल्ली 70 विधानसभा सीट में से 62 पर जीत दर्ज की थी और उसका लक्ष्य लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए इस चुनाव में जीत दर्ज करना है।